Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 178 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 03 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



मित्र वही जो आवश्यकता के समय काम आता है।

A friend in need is a friend in deed.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### मोहला में आज तीन सूत्रीय मांगो को लेकर क्षेत्रीय किसान पंचायत का आयोजन

**राजनांदगांव (विसं)।** 117 रुपए समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ देते हुए 3217 रुपए के दर से धान का एक मुश्त भुगतान, राजीव गांधी न्याय योजना की बकाया चौथी किश्त का भुगतान एवं धान खरीदी व्यवस्था में सुधार करते हुए पूरे तीन महिने खरीदी की मांग को लेकर आज शुक्रवार को मिनी स्टेडियम मोहला में क्षेत्रीय किसान पंचायत के आयोजन में आज 7 जिलों के किसान प्रतिनिधि गरजेंगे। उल्लेखनीय है प्रदेश किसान संघ लगातार तीन सूत्रीय मांगो को लेकर संघर्षरत् है।

### बांग्लादेश की अदालत का हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत देने से इनकार

**बांग्लादेश।** चटगाँव की एक अदालत ने आज कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई के दौरान पूर्व इसकोन नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को जमानत देने से इनकार कर दिया। हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था, तब से वे जेल में हैं। कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा कि यह बहुत दुखद समाचार है। हम जानते हैं कि पूरी दुनिया इस पर नज़र रखे हुए थी। सभी को उम्मीद थी कि चिन्मय प्रभु को नए साल में आज़ादी मिलेगी।

## मुख्यमंत्री साय ने जगदलपुर में 356 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

### सुंदर प्राकृतिक परिवेश, समृद्ध जनजातीय संस्कृति और शांत वातावरण अब फिर से बन रही है बस्तर की पहचान : विष्णुदेव साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर की मूल पहचान उसके सुंदर प्राकृतिक परिवेश, समृद्ध जनजातीय संस्कृति और शांत वातावरण से रही है। हमने एक साल में बस्तर की मूल पहचान वापस देने का महती कार्य किया है। आज बस्तर की प्रशंसा केवल भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में हो रही है। संयुक्त राष्ट्र पर्यटन संगठन ने ग्राम धुड़मारास को विश्व के 20 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में सम्मिलित किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर के पीजी कॉलेज हॉस्टल मैदान में आयोजित विकास कार्यो के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस मौके पर 356 करोड़ 44 लाख रूपए लागत के 288 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन और विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को एक करोड़ 55 लाख रूपए से अधिक की राशि का चेक और सामग्री का वितरण किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर अंचल की तरक्की और उन्नति के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बस्तर अंचल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी बुनियादी सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बस्तर में हम विश्वास के साथ विकास करना चाहते हैं, जिसमें हमें सफलता मिल रही है। छत्तीसगढ़ की जनता से मोदी की गारंटी के रूप में हमने जो वादा किया था वह हर वादा हम निभा रहे हैं। सरकार बनने के एक साल के भीतर ही मोदी की गारंटी में से अधिकांश को हमने पूरा किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर के संवेदनशील इलाके के लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार द्वारा केंद्र सरकार से किए गए अनुरोध पर इन क्षेत्रों के लिए पृथक से 15 हजार प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 18 लाख पीएम आवास स्वीकृति की गारंटी दी थी उसे पूरा करते हुए हमारी सरकार की शपथ के दूसरे ही दिन हमने आवासहीन हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति दी। स्वीकृत पीएम आवास अब बनते जा रहे हैं और लाभान्वित परिवारों का गृह प्रवेश भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि 07 जनवरी को देश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ आ रहे हैं, इस दिन भी प्रदेश में आवासहीन हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने नक्सल प्रभावित और पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए नियद नेल्ला नार योजना की शुरुआत की, जिसमें सुरक्षा कैम्पों के 5 किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों में सरकार की 17 विभागों के 53 कल्याणकारी योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास तेजी से सुनिश्चित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी लागू कर दी है, आज प्रदेश के स्कूलों में 18 स्थानीय भाषा में पढ़ाई हो रही है। बस्तर में बच्चे हल्बी एवं गोंडी बोली में पढ़ाई कर रहे हैं। डॉक्टर बनने की इच्छा रखने वाले हमारे युवाओं की हित में हमने एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में करवाने का निर्णय लिया है। पीएम श्री स्कूल योजना में 341 स्कूलों में आधुनिक शिक्षा के अनुकूल व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर और गांवों का विकास अनवरत हो रहा है। पूरे प्रदेश में एक साल के अन्दर शहरी क्षेत्र के विकास के लिए 07 हजार करोड़ रूपए जारी किया जा चुका है।

**नगर पंचायत बस्तर में पेयजल आपूर्ति हेतु 50 करोड़ रु. की घोषणा :** उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर पंचायत बस्तर में अमृत मिशन योजनांतर्गत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुँचाने के लिए 50 करोड़ रूपए देने की घोषणा की। वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री श्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री साय की डबल इंजन की सरकार है, जिससे विकास की गति तेज हुई है। कार्यक्रम को राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, जगदलपुर विधायक श्री किरण सिंह देव और बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने भी सम्बोधित किया।

### जगदलपुर में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय का भूमिपूजन

कोई भी देश तभी मजबूत रह सकता है जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परंपराओं में है। सनातन परंपरा हमें वसुधैव कुटुम्बकं की सीख देती है और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है। अपने देश और राज्य की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को भी सनातन परंपरा के वही संस्कार प्रदान करें जो हमें अपने शिक्षकों और अभिभावकों से मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के समीप ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि गायत्री मंत्र हमारी सनातन परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है। यह मंत्र हमें सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करता है। विद्या भारती संस्थान में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा के साथ-साथ देशभक्ति के संस्कार भी दिए जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का उद्‍घाटन और शिलान्यास करेंगे



**दिल्ली (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सभी के लिए आवास की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 3 जनवरी 2025 को दोपहर करीब 12 बजकर 10 मिनट पर दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के निवासियों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों का दौरा करेंगे। इसके बाद करीब 12 बजकर 45 मिनट पर प्रधानमंत्री दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री दिल्ली के अशोक विहार में झुग्गी बस्तियों के निवासियों के लिए 1,675 नवनिर्मित फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे और पात्र लाभार्थियों को स्वाभिमान अपार्टमेंट की चाबियां भी सौंपेंगे। नवनिर्मित फ्लैटों के उद्घाटन से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा दूसरी सफल इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना को पूर्ण किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली में झुग्गी बस्तियों के निवासियों को उचित सुख-सुविधाओं से सुसज्जित बेहतर और स्वस्थ परिवेश प्रदान करना है।

सरकार द्वारा फ्लैट के निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येक 25 लाख रुपये के लिए, पात्र लाभार्थी कुल राशि का 7 प्रतिशत से भी कम भुगतान करते हैं, जिसमें 1.42 लाख रुपये का नाममात्र योगदान और पांच साल के रखरखाव के लिए 30,000 रुपये शामिल हैं। प्रधानमंत्री दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं-नौरोजी नगर में विश्व व्यापार केंद्र (डब्ल्यूटीसी) और सरोजिनी नगर में जनरल पूल आवासीय आवास (जीपीआरए) टाइप-द्वद्व क्वार्टर का भी उद्घाटन करेंगे। नौरोजी नगर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ने 600 से ज़्यादा जीर्ण-शीर्ण क्वार्टरों को अत्याधुनिक वाणिज्यिक टावरों से बदलकर इस क्षेत्र का कायाकल्पे कर दिया है। इससे उन्नत सुविधाओं के साथ लगभग 34 लाख वर्ग फ़ीट प्रीमियम वाणिज्यिक स्थ ल उपलब्ध हुआ है।

## गढ़चिरौली में माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में नक्सलवाद और माओवादियों के खिलाफ देवेंद्र फडणवीस की सरकार एक्शन मोड में है। गढ़चिरौली में 11 नक्सलियों ने नए साल के पहले दिन आत्मसमर्पण कर दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे महाराष्ट्र सरकार के प्रयासों का फल बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। लिखा, मैं महाराष्ट्र सरकार द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना करता हूं। इससे निश्चित रूप से जीवन की सुगमता बढ़ेगी।

## भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल बाद जहरीला कचरा पीथमपुर डंपिंग साइट पर शिफ्ट



**भोपाल (आरएनएस)।** भोपाल के यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) परिसर में पिछले 40 वर्षों से पड़े जहरीले कचरे को आखिरकार इंदौर से लगभग 30 किलोमीटर दूर धार जिले के पथमपुर डंपिंग साइट पर शिफ्ट कर दिया गया। भोपाल से देर रात प्रशासन और पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 12 कंटेनर ट्रकों में लगभग 337 मीट्रिक टन रासायनिक अपशिष्ट पीथमपुर के लिए रवाना हुआ। यूसीआईएल और पीथमपुर के बीच लगभग 250 किलोमीटर की दूरी को कवर करने के लिए एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था। 2 -3 दिसंबर 1984 की रात भोपाल में यूनियन कार्बाइड कीटनाशक फैक्ट्री से अत्यधिक जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट लीक हुई थी। जिससे करीब 5,479 लोगों की मौत हो गई थी। हजारों लोगों लंबे वक्त तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझते रहे।

## सिमट रहा बस्तर से माओवादी आतंक, बदल रही बस्तर की पहचान : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



### मुख्यमंत्री ने बस्तर जिला पत्रकार संघ के शपथ ग्रहण समारोह को किया संबोधित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** इस वर्ष जब मैं नये साल में अखबार पढ़ रहा था तो समाचारपत्रों के मुख्य पृष्ठ में बस्तर सुर्खियों में था। यह सुर्खियां किसी माओवादी हिंसा को लेकर नहीं थी, यह सुर्खियां बस्तर में पहुंचे विकास के उजाले को लेकर थी। बस्तर से माओवादी आतंक अब सिमट गया है। बस्तर की पहचान अब बदल गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बस्तर की अपनी चुनौतियां है और इस चुनौती भरे माहौल में पत्रकारिता करना भी चुनौतीपूर्ण कार्य है। बस्तर में आम जनता के उम्मीदों, विचारों और समस्याओं का आइना बनकर शासन-प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करने के आप सभी के प्रयासों को नमन है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता के उच्च आदर्शों का पालन कर सरकार के अच्छे काम की जानकारी जनता को दें तथा कमियों को भी बताएं। वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि पत्रकारिता के नए आयाम स्थापित करने में बस्तर के पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और पदाधिकारियों को नये दायित्व के निर्वहन के साथ ही नववर्ष के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### नगरीय निकाय चुनाव

## मुख्यमंत्री साय ने कहा- देर जरूर होगी, लेकिन टलेगा नहीं

**रायपुर (आरएनएस)।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा बयान देते हुए कहा कि देर जरूर होगी, लेकिन टलेगा नहीं. उन्होंने कहा कि देरी के चलते नगरीय निकायों में प्रशासक बैठना पड़ा है। जगदलपुर के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि लोकार्पण और भूमिपूजन का कार्यक्रम है. 350 करोड़ से ज्यादा लागत के विकास कार्य होंगे. बस्तर के विकास को लेकर मांझी समाज से सरकार सलाह लेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर के विकास के लिए सरकार वचनबद्ध है. एक साल में बस्तर में शांति स्थापित करने के लिए सरकार सफ्ल साबित हुई है. क्षेत्र के विकास के लिए नियत नेल्लानार योजना चलाई जा रही है।

## मनु भाकर, गुकेश सहित 4 खिलाड़ियों को खेल रत्न, 32 खिलाड़ी बनेंगे अर्जुन





**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेरिस ओलम्पिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास बनाने वाली युवा निशानेबाज मनु भाकर और सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा जबकि 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने गुरूवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी, 2025 को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में विजेताओं को सम्मानित करेंगी। मनु और गुकेश के अलावा ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को खेल रत्न प्रदान किया जाएगा। मनु ने न सिर्फ ओलंपिक 2024 के व्यक्तिगत मुकाबले में भारत का परचम लहराया बल्कि 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में मिली इस दोहरी कामयाबी ने उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया।

शतरंज की सनसनी डी गुकेश को भी खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। गुकेश ने पिछले महीने 12 दिसंबर को शतरंज की दुनिया का युवा वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। सिंगापुर में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब जीता था वो महज 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बने, जो कि एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

खेल मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि समिति की सिफारिशों और सरकार की जांच के आधार पर खिलाड़ियों, कोच, विश्वविद्यालयों को पुरस्कार देने का फैसला किया गया है।

22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।


## नए साल में साय सरकार के मंत्रिमंडल में जुड़ेंगे नए चेहरे, बदलेगा राजनीतिक समीकरण

**रायपुर (आरएनएस)।** नए वर्ष में प्रदेश के राजनीतिक समीकरण में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के मंत्रिमंडल में नए विधायकों को जगह मिलने से नया राजनीतिक समीकरण बनेगा। हरियाणा की तर्ज पर प्रदेश में भी 14 मंत्री बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगी तो साय सरकार के मंत्रिमंडल में तीन नए चेहरों को मौका मिलेगा।

अभी प्रदेश की 90 सीटों वाली विधानसभा में 15 प्रतिशत के हिसाब से 13.5 प्रतिशत विधायकों को ही मंत्री बनाने का प्रविधान है। हालांकि हरियाणा में भी भाजपा सरकार है और वहां भी विधानसभा में कुल 90 सीटें हैं, इसके बावजूद वहां पर 14 मंत्री बनाए गए हैं।

## मुख्यमंत्री साय के प्रयासों से आईटी हब के रूप में उभर रहा है नवा रायपुर

### नवा रायपुर में युवाओं के लिए खुल रहे हैं रोजगार के नए अवसर, मिल रही हैं बेहतर सुविधाएं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सतरूपाविकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में नवा रायपुर अटल नगर में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर क्षेत्र में आईटी और आईटी-इनेबल्ड सर्विसेस का तेजी से विकास हो रहा है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। राज्य सरकार की योजनाओं और संस्थाओं की पहल से नवा रायपुर युवाओं के लिए रोजगार और विकास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने बताया कि नवा रायपुर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज और टेली परफॉर्मेंस जैसी प्रमुख आईटी कंपनियों ने अपनी सेवाएं शुरू की हैं, जिससे अब तक 260 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है।

रायपुर के एक साधारण मध्य वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली 24 वर्षीय सतरूपा का सपना था कि वह आत्मनिर्भर होकर परिवार का सहारा बने। खेती- किसानी और घरेलू काम काज करने वाली सतरूपा की मां को अपनी बेटी पर गर्व है, क्योंकि पढ़ाई पूरी करने के बाद सतरूपा आज न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि परिवार को भी आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। नवा रायपुर के स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज में नौकरी कर रही सतरूपा ने मेहनत और लगन से तरक्की की राह पकड़ ली। पहले साल में ही उसे पदोन्नति मिली और उसका वेतन बढ़ा, जिससे उसने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती दी। नवा रायपुर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज ने 180 और टेली परफॉर्मेंस ने 80 पदों पर भर्ती की है। इसके अलावा, टेली परफॉर्मेंस ने 100 और कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बनाई है और सीएसएम टेक्नोलॉजीज ने 200 प्रोफेशनल्स की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए हैं। यह न केवल नवा रायपुर के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए सकारात्मक बदलाव के संकेत है।

## राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध : मंत्री श्रीमती राजवाड़े

### सक्ती जिले के जैजैपुर में 3.30 करोड़ रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सक्ती जिले के नगर पंचायत जैजैपुर को 3.30 करोड़ रूपए से अधिक की लागत के 29 विकास व निर्माण कार्यों का सौगात दी है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आगामी समय में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में परित्यक्ता और विधवा महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने नगर पंचायत जैजैपुर सहित जिलेवासियों को विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नव वर्ष 2025 की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर पंचायत जैजैपुर क्षेत्र में 3 करोड़ 30 लाख रुपए से भी अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। प्रदेश सरकार के गठन के बाद अल्प समय में ही तेजी से अनेकों कार्य कराए जा रहे है। प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए की 11वीं किस्त जारी की जा चुकी है। इसी तरह किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम का निःशुल्क दर्शन भी कराए जा रहे हैं।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश का पहला सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का किया शुभारंभ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज परिवहन कार्यालय, कबीरधाम में राज्य का पहला सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह कक्ष मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम जिला प्रदेश का पहला जिला है जहां इस प्रकार का अनुभव कक्ष स्थापित किया गया है। इस उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कक्ष के सभी पहलुओं का अवलोकन किया और इसकी कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी ली। सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्देश्य नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कक्ष में विभिन्न प्रकार की सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी और सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिसमें वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने के उपाय, ट्रैफिक नियमों के पालन और सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में बताया गया है। कक्ष में विभिन्न वर्चुअल अनुभव, वीडियो और मॉडल्स के जरिए सड़क सुरक्षा को समझने का एक आकर्षक तरीका अपनाया गया है।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बचपन से ही हमें सही और गलत का भेद सिखाया जाता है। माताओं की भूमिका बच्चों को जीवन के उचित और अनुचित कार्यों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण होती है। इसी प्रकार यह सत्र समाज में सुरक्षा और नियमों के प्रति एक सकारात्मक सोच विकसित करेगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को निरंतर जारी रखा जाए, ताकि हर व्यक्ति सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सके। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष के शुभारंभ में कहा कि अब ड्राइविंग लाइसेंस बनाने आने वाले व्यक्तियों को एक विशेष ऑडियो, वीडियो सत्र से गुजरना होगा।

## अनियंत्रित वाहन पेड़ से टकराई सूरजपुर-विश्रामपुर के दो व्यवसायी पुत्र जख्मी

### बेहतर इलाज के लिए एक को नागपुर तो दूसरे को रायपुर रेफर

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** -अनियंत्रित कार नीलगिरी पेड़ से टकराई जिससे उसके परखच्चे उड़ गए । वाहन सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए वहां की स्थिति देख बड़ी अनहोनी की आशंका जताई जा रही थी।

बताया जाता है कि वाहन में सवार विश्रामपुर व्यवसायी श्याम सुंदर मित्तल के छोटे पुत्र कुश मित्तल एवं सूरजपुर व्यवसायी हरिओम अग्रवाल के पुत्र सौम्या अग्रवाल भटगांव की ओर जा रहे थे ।भटगांव मार्ग दतीमा के बीच रेलवे क्रॉसिंग के पस नीलगिरी के पेड़ से टकरा गई जिससे कार के परखच्चे उड़ गए।

बताया जाता है कि विश्रामपुर मित्तल क्लॉथ स्टोर एवं अंबिकापुर के इंदिरा प्लाई के संचालक श्याम सुंदर मित्तल का छोटा पुत्र 22 वर्षीय अपनी टाटा कर्व वाहन क्रमांक सीजी 29 ए जी 9262 से सूरजपुर का मित्र





सौम्या अग्रवाल पिता हरिओम अग्रवाल के साथ- साथ दतिमा की और जा रहा जा रहे थे । सौम्या अग्रवाल वाहन को तेज गति से चला रहा था जो अनियंत्रित हो कर रेलवे फाटक कि ओवरब्रिज के पास नीलगिरी वृक्ष से जा टकराया जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें सवार सौम्या अग्रवाल एवं कुश मित्तल बुरी तरह से जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही विश्रामपुर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा मौके पर पहुंच कर वहां से दोनों युवकों को बाहर निकलवाया तथा तत्काल इलाज के लिए चिकित्सालय भेज। कुश मित्तल को अंबिकापुर स्थित जीवन ज्योति ले जाया गया जबकि सौम्या अग्रवाल को पी आर ओ हॉस्पिटल सूरजपुर में भर्ती कराया गया। दोनों का गंभीर हालत को देखते हुए कुश को रायपुर स्थित रामकृष्ण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जब्त शौम्य अग्रवाल को नागपुर रेफर कर दिया गया दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। तो वही वाहन को देखने से ऐसा लगता है कि इसमें सवार व्यक्ति के साथ कोई बड़ी अनहोनी हुई होगी परंतु कहां गया है न की राख सके साइयां मार सके न कोय।

## न्यायालय ने आरोपी को सुनाई दोहरी आजीवन कारावास की सजा

**सूरजपुर ब्यूरो- ( दैनिक विश्व परिवार )** जिला सत्र न्यायालय सूरजपुर के न्यायालय, श्री आनंद प्रकाश वारियाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटी.एस.सी.) सूरजपुर ने एक जघन्य अपराध के मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी, अभियुक्त को दोहरी आजीवन कारावाश की सजा सुनाई। मामले में आरोपी द्वारा रात्रिकाल का लाभ उठाते हुए नाबालिक पीड़िता, मृतिका को बहला-फुसला कर उसके साथ जबरन बलात्कार किया, घटना की जानकारी नाबालिक पीडिता, मृतिका के परिवार एवं गांव वालों को पता न चल जाये इसके डर से साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से पीडिता को गावं से थोडी दूर लें जाकर खेत में बने कुएँ में फेक कर उसकी हत्या कारित की। मामला थाना रामानुजनगर क्षेत्र अंतर्गत 2 वर्ष पूर्व घटित घटना का है जिसमें आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-4 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना उपरांत भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 (घ), 302, 201, 34 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा-6 का आरोप संकलित कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष मामला प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई के दौरान प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्री नरेश कुमार कौशिक के द्वारा किया गया। आरोपी के विरुद्ध आरोपित धारा 363/34, 366/34, 376घ/34, 302/34, 201/34 भा.द.सं. एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-6 के तहत दोषसिद्ध पाये जाने पर माननीय न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की दोहरी सजा सुनाई। यहां यह बताना आवश्यक है कि श्री गोविन्द नारायण जांगड़े, जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर के दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रायः आमजन के विधिक ज्ञान हेतु साक्षरता शिविरों का आयोजन स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायतों एवं अन्य स्थानों पर किया आयोजित किया जाता है जिसमें यह बताया जाता है कि 18 वर्ष से कम उम्र की नाबालिग के साथ संबंध स्थापित या छेड़छाड़ करना उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध की श्रेणी में आता है भले ही वह उसकी पत्नी हो। कानून में 18 वर्ष लडकी के लिए एवं 21 वर्ष लडके की शादी के लिये निर्धारित है फिर भी लोग छुप छुपाकर शादी करता है 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की से शादी करना या उस शादी में शामिल होना जिसमें नाबालिग की शादी हो रही हो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है।

## पहले नदी का पीते थे पानी, अब घर से बाहर नहीं जाना पड़ता

### सोलर डयूल पम्प से बसंती के घर में पहुंचता है पानी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कुछ समय पहले तक बगदरीडांड की बसंती मिंज पानी के लिए नदी तक की दूरी तय करती थी। इस बीच सिर पर पानी का बर्तन उठाकर जंगल के रास्ते पगडंडियों का सफर तय कर बसंती को घर के कामों के लिए पानी लाना पड़ता था। अब जबकि घर के पास ही सोलर डयूल पंप लग गया है तो बंसती मिंज ही नहीं आसपास की अनेक महिलाओं की तकलीफें दूर हो गई है। घर पर लगातार नल से पानी आता है और इन महिलाओं को पानी के लिए न तो जंगल न नदी और न ही पानी से भरे बर्तन का बोझ उठाना पड़ता। कोरबा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बगदरीडांड में रहने वाली बसंती मिंज ने बताया कि उनके घर में नल जल कनेक्षन लग गया है। घर के पास ही सोलर डयूल पंप लगा है। इस सोलर ड्यूल पंप से उनके घर में लगातार पानी आता है। उन्होंने बताया कि पानी के लिए पहले उन्हें नदी जाना पड़ता था। इस बीच न सिर्फ कठिन सफर जंगल के पगडंडियों से करना पड़ता था, बारिष के दिनों में फिसलन और कीचड़ के बीच उफानती और बहती नदी में से पानी लाना पड़ता था। बसंती मिंज ने बताया कि पानी का बर्तन उठाकार घर तक लाना भी बहुत जोखिम भरा होता था। उन्होंने बताया कि उनके घर में नल का कनेक्षन लगने के बाद पानी की समस्या पूरी तरह से खत्म हो गई है। उन्हें घर के बाहर नदी तक जाना ही नहीं पड़ता। जितना पानी चाहिए घर पर नल से भर लेती है।

## शिवानी महिला समिति विश्रामपुर ने प्रशिक्षित महिलाओं को दिया सिलाई मशीन

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** आर टी आई में नि:शुल्क सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जरूरतमंद प्रशिक्षार्थियों को 6 महीने के प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षार्थियो को 6 महीने के प्रशिक्षण के उपरांत सिलाई मशीन के साथ सर्टिफिकेट प्रदान किया ।




जानकारी के अनुसार श्रद्धा महिला मंडल,एसईसीएल ,बिलासपुर की अध्यक्षा पूनम मिश्रा के मार्गदर्शन में किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को निभाते हुए हमारी बिश्रामपुर क्षेत्र की शिवानी महिला समिति द्वारा उन्नति क्लब विश्रामपुर क्षेत्र में 30 दिसंबर को 19 जरूरतमंद प्रशिक्षार्थियों को 6 महीने के प्रशिक्षण के उपरांत, आयोजित सिलाई परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात, सर्टिफिक्रेट तथा सिलाई मशीन वितरण करने के बाद, सिलाई फ़ाइल का अवलोकन कर प्रशिक्षार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर किया गया। साथ ही सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षार्थियों में प्रथम,द्वितीय,तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें शील्ड प्रदान किया गया, साथ ही उन्हें फूड पैकेट भी प्रदान किया गया।

यह सभी समाजिक कल्याणकारी कार्य 19 नग सिलाई मशीन,सर्टिफिक्रेट, 17 कम्प्यूटर सर्टिफिक्रेट श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा के सहयोग और कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस समाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम में मैं श्रीमती ममता तिवारी, अध्यक्षा शिवानी महिला समिति और मेरे साथ श्रीमती मानिक झा, श्रीमती जया रमणा, श्रीमती मिनी भोई, श्रीमती महिमा सिंह ,श्रीमती राजश्री नारायण श्रीमती मोनिका दास ,श्रीमती निशा का महत्वपूर्ण योगदान था

## दंतैल जंगली हाथीयो का उत्पात जारी, पण्डोपारा खड़गवां में चार घर ढहाए बाइक भी तोड़ी





### प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में चार दिनो मे जंगली हाथी ने 21 घरों को पहुंचाया नुकसान

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-**सूरजपुर जिले के प्रतापपुर वन परिक्षेत्र मे दंतैल जंगली हाथी का उत्पात लगातार जारी है । जंगली हाथी के डर से भयभीत ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हो गए है तथा अनजानी आशंका तथा दहशत मे जी रहे हैं। उन्हें हमेशा डर सताता रहता है की कब जंगली हाथी आ जाएगा और उनके घर को तोड़ देगा तथा उनका जान माल का नुकसान कर देगा। बीती रात जंगली हाथी ने पण्डोपारा खड़गवां में चार घर को तोड़ दिया पूरी रात लोग डर के साय मे रहें । पिछले चार दिनों मे जंगली हाथी ने 21 घरों को तोड़ा और दर्जनों लोगों के फ़सल और सामान को नुकसान पहुंचा चूका है। वन विभाग और हाथी प्रबंधन टीम एक मात्र जंगली हाथी को रोकने में नाकाम और नाकारा साबित हो रहा है।

**ग्रामीणों का आरोप वन विभाग हाथी मित्र दल के भरोसे अपनी नौकरी पका रहा है जो की पूरी तरह से प्रशिक्षित भी नहीं है.** - जिले के वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत सोनगरा व बोझा में जंगली दंतेल हाथी लगातार और बेधड़ घूम घूम कर नुकसान कर रहा है बीती रात आज चौथे दिन बुधवार की रात में दन्तैल हाथी चंद्रपुर पहुंचकर मैनेजर साहू नामक व्यक्ति का हीरो होंडा मोटरसाइकिल पटक दिया उस समय मैनेजर साहू घर के बाहर मोटरसाइकिल खड़ा कर अपने आंगन में खाना खा रहा था। इसके पश्चात दंतेल हाथी पण्डोपारा खड़गवां पहुंच कर चार घरों की दीवार को तोड़ा दिया। जिसमें शिवनारायण आत्मज लिखू राम के घर का दिवाल तोड़ते हुए राम प्रकाश आत्मज रामनारायण का घर तोड़ा। इसके पश्चात सिरीमती स्वर्गीय रामकुमार का घर तोड़ा। इसके पश्चात देवसाय आत्मज स्वर्गीय झम्मल का दिवाला तोड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग द्वारा हाथी का सही लोकेशन ट्रेस करने मे व बताने मे नाकाम हो रहा है जिसके कारण ग्रामीणों को लगातार नुकसान झेलना पड़ रहा है।

## श्रमिक नेताओं ने किया कार्मिक महाप्रबंधक का सम्मान दी विदाई

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-**एस ई सी एल भटगांव क्षेत्र में पदस्थ महाप्रबंधक कार्मिक बी सी सेठी का स्थनांतरण बिलासपुर कम्पनी मुख्यालय मे होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन क्षेत्र की संयुक्त सलाहकार समिति , क्षेत्रीय कल्याण समिति एवं क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा किया गया ।



विदित हो की बी सी सेठी विगत 11 वर्षों से भटगांव क्षेत्र में उपक्षेत्र एवं क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के रूप में कार्य कर रहें थे ।उनके द्वारा विशुद्ध रूप से श्रमिक कल्याण अधिकारी के रूप में भटगांव क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्थानीय ग्राम वासियों ,स्थानीय प्रशासन , जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया गया । सभी ट्रेड यूनियन को समान रूप से एवं सभी श्रमिकों के लिए सहज रूप से वह हमेशा उपलब्ध रहे। भटगांव क्षेत्र की जगन्नाथपुर खदान के भू-अर्जन प्रक्रिया में ग्राम वासियों का विश्वास उनके ऊपर अटूट था और वह भू-विस्थापितों की हर समस्या में व्यक्तिगत रूप से मदद करते थे जिसके कारण भटगांव क्षेत्र में जगन्नाथपुर ओपन कास्ट खदान के भू- अर्जन में सहायता मिली।

विगत दो दशकों में भटगांव क्षेत्र में किसी अधिकारी का ऐसा सम्मान समारोह आयोजित नहीं हुआ था । बी सी सेठी ने अपनी कर्तव्य निष्ठा से पूरे भटगांव क्षेत्र का दिल जीत लिया था ।

सभी ट्रेड यूनियन के नेताओं ने श्री सेठी के उज्जवल भविष्य की शुभकामना के साथ उनका सम्मान किया और एसईसीएल मुख्यालय में उनके महाप्रबंधक कार्मिक के रूप में पदस्थापना होने के बाद उन्हें शुभकामनाएं दी ।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय सलाहकार समिति के एचएमएस यूनियन से सतीश तिवारी ,विष्णु साहू , एटक यूनियन से मनोज पांडे ,समारू सिंह पोर्ते ,कौशल चंद्रा, इंटक यूनियन से रविंद्र सिंह, संजय सिंह , सीटू यूनियन से अजय शर्मा ,एच एल यादव क्षेत्रीय कल्याण समिति के एचएमएस यूनियन से जगन्नाथ पांडे , नीरू श्रीवास्तव , प्रमोद मिश्रा एटक यूनियन से पुष्पराज सिंह, कुंज बिहारी यादव इंटक यूनियन से फिरोज खान ,वेद विकास अंजन सीटू यूनियन से सुनील विश्वकर्मा , रविकांत कुमार

क्षेत्रिय सुरक्षा समिति एटक से हरेंद्र सिंह एचएमएस यूनियन से अश्विनी सिंह, शिवराम सिंह इंटक यूनियन से अमोद सिंह ,धीरज खूंटे सीटू यूनियन से राजनाथ सिंह, के के विश्वकर्मा के साथ श्रमिक संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### जहर खुरानी से बैंक मैनेजर का घर के एक कमरे में मौत पुलिस जांच में जुटी



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार ),-** बिश्रामपुर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर एवं मुख्य मार्ग स्थित रहने वाले सूरजपुर आई सी आई सी बैंक मैनेजर अपने घर की एक कमरे में जहर सेवन कर अपनी लीला समाप्त कर ली। इस संबंध में बताया जाता है कि सूरजपुर आई सी आई सी बैंक मैनेजर लौकित विजू( मोनू) 32 वर्ष 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी की रात्रि अपने दोस्तों के साथ दो दिनों तक पिकनिक मनाई परंतु न जाने क्यों बीती रात अपने घर के कमरे में जहर का सेवन कर आत्महत्या कर लीं अब तक मौत का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। इस संबंध में बताया जाता है कि मृतक अपनी मां जय श्री विजय एवं मामा विनोद आंटी के साथ लंबे समय से रहता है मां जय श्री विजयन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर की अंग्रेजी व्याख्याता है सभी साथ साथ हंसते खेलते रह रहे थे। मृतक 32 वर्षीय लौकित विजयन विवाहित है उसकी ढाई माह की एक बच्ची है। पत्नी बच्चे के साथ सबरी माला केरल दर्शन के लिए गई हुई है ।दुखद खबर सुनते ही कल सुबह तक वापस आ जाने की उम्मीद है। विश्रामपुर पुलिस ने पीएम करा कर शव को मर्चुरी में सुरक्षित रखा है ।कल संभवत अंतिम संस्कार किया जाएगा परंतु नगर वासी स्तंभित है कि आखिर लौकित मोनू ऐसा क्यों कदम उठाया ?दो दिनों तक साथियों के साथ पिकनिक मनाया हंसते खेलते घर में रह रहा था किसी को भनक तक नहीं हुआ कि 1 जनवरी को मित्रों के साथ भोजन कर अपने कमरे में आया मां जय श्री विजय ने खाना के लिए भी पूछा तो उसने बताया कि मैं खाना खा लिया हूं ।सब हर दिन कि तरह सामान्य था ।सुबह में दरवाजा न खोलने पर दरवाजा तोड़ा गया तो मृतक का शव आधा बिस्तर पर आधा जमीन पर ओंधे मुंह लटका हुआ दिखा ।शरीर काला पड़ गया था इससे अंदाजा लगाया जा सका कि बैंक मैनेजर ने जहर सेवन कर आत्महत्या की होगी। बहराहल पुलिस पी एम ररिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### नया साल सभी लोगों के जीवन में खुशहाली लाएं- लखन लाल देवांगन'

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर विधायक, वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने प्रदेशवासियों को अंग्रेजी कैलेण्डर नववर्ष 2025 की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि नया वर्ष सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाए। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि नया साल नई उम्मीदें लेकर आता है। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव सरकार प्रदेशवासियों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। उद्योग, श्रम मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का विकास हमारी प्राथमिकता है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के ध्येय वाक्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता से किया हर वादा हम पूरा कर रहे हैं। नया वर्ष सबके जीवन में नई उमंग और उत्साह लेकर आए।

### फंदे पर मिली युवक की लाश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दीपका कॉलोनी में एक 18 वर्षीय युवक अविनाश खलको की लाश फंदे पर लटकती हुई पाई गई। अविनाश अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अविनाश रात को अपने दोस्तों से बात कर रहा था, लेकिन रात को घर वापस नहीं आया। सुबह घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे फंदे पर लटकती हुई हालत में उसकी लाश देखी गई।

### निधन : मीना देवी



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-**नगर पंचायत बिश्रामपुर के प्रतिष्ठित नागरिक स्वर्गीय हरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी 65 वर्षीय मीना देवी का दुखद निधन हो गया वे लंबे समय से बीमार चल रही थी ।आज उनका रिहंद नदी स्थित मुक्तिधाम में मुखाग्नि नाती प्रेम सिंह ने दी। स्वर्गीय मीना देवी की दो पत्रिया थी पुत्र नहीं थे । स्व मीना देवी अपने दामाद संजय सिंह एवं संतोष सिंह के साथ रह रही थी। मृतक मीना देवी चंदन सिंह, विकाश सिंह सोनू ,कुमोद सिंह की चाची श्री थी।

# संपादकीय

## रुझान बढ़ती गैर....... बराबरी का ही संकेत

कॉरपोरेट सेक्टर की उदारता और मौज-मस्ती पर धनी तबके के अधिक खर्च की बढ़ी प्रवृत्ति से एयर लाइन उद्योग में और चमक आएगी। मगर विडंबना यह है कि ये चमक जिस विशाल दलदल के बीच मौजूद है, उसका भुरभुरापन बढ़ता ही जा रहा है। विमानन कंपनियां खुश हैं कि भारत में बिजनेस क्लास में यात्रा करने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। ट्रेवल एजेंसियां भी खुश हैं। इस क्लास का टिकट कटवाने पर उन्हें ज्यादा कमीशन मिल रहा है। इन एजेंसियों के मुताबिक भारतीय अब विमान यात्रा के बेहतर अनुभव को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। कॉरपोरेट्स अपने अधिकारियों को बेहतर सुविधा देने पर उदारता से खर्च कर रहे हैं। नतीजतन छुट्टियों के इस सीजन में बिजनेस क्लास की टिकट बिक्री में ऑनलाइन ट्रेवल एजेंसी मेक माई ट्रिप के मुताबिक 50 प्रतिशत और क्लीयरट्रिप के मुताबिक 60 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। खासकर जो लोग विदेश यात्राएं करते हैं, उनमें बिजनेस क्लास का आकर्षण तेजी से बढ़ा है। इस रुझान को देखते हुए देशी और विदेशी विमानन कंपनियां अपने विमानों में इस सुविधा को बढ़ाने में जुटी हैं। और ऐसा सरकारी नीतियों और कॉरपोरेट सेक्टर के अधिक से अधिक वित्तीय कारोबार में शामिल होते जाने के कारण हुआ है। दूसरी तरफ इन नीतियों का ही परिणाम है कि करोड़ों मेहनतकश कर्मचारियों की वास्तविक आय गिरती चली गई है। परिणामस्वरूप उपभोग और मांग बाजार से गायब होते जा रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2019 में दी गई कॉरपोरेट टैक्स छूट से पिछले पांच साल में अतिरिक्त लगभग छह लाख करोड़ रुपये कॉरपोरेट्स की जेब में गए हैं। इस रकम का उत्पादक निवेश करने के बजाय कॉरपोरेट्स ने अपने अधिकारियों की मौज-मस्ती बढ़ाई है। स्पष्टत- ये रुझान बढ़ती गैर-बराबरी का ही संकेत है।

## देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक

**शशि झा**

बेरोजगारी का मुद्दा 2014 से ही, जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार केंद्र में सत्तासीन हुई, नासूर बनता रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढने के बावजूद बेरोजगारी को लेकर विपक्षी दल भी लगातार हमलावर रहे हैं, और सरकार अक्सर बचाव की मुद्रा में खड़ी नजर आई है। सरकार का दावा है कि स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी उसकी नीतियों और कार्यक्रमों या अंतरिक्ष और रक्षा सेक्टरों में सुधार के केंद्र में महिलाओं समेत देश की युवा आबादी है पर सरकारी आंकड़े ही उसके दावों की पोल खोलते नजर आते हैं। नवम्बर के आखिर में लोक सभा में एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-24 में भारत में 15-29 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर 10.2 फीसद थी। विडंबना यह है कि एक तरफ जहां देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक है, वहीं केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में लाखों रिक्तियां खाली पड़ी हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। इनमें इसरो, रेलवे, गृह मंत्रालय जैसे अहम मंत्रालय और विभाग भी शामिल हैं। सुरक्षा ढांचा और इससे जुड़े बलों में बड़े स्तर पर पदों को न भरे जाने की वजह से पिछले दिनों संसद की सुरक्षा में सेंध लगने की भी खबरें आई। बेरोजगारी की समस्या के इतने गंभीर होने के बावजूद रिक्तियों को भरने की जगह बड़ी संख्या में सरकारी विभागों में निम्न श्रेणी में संविदा पर कर्मचारियों जबकि वरिष्ठ पदों पर सलाहकारों की भर्ती से काम चलाया जाता है। सरकार बेशक, दावा करती रही है कि पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना निरंतर प्रक्रिया रही है, और उनके विवरण संबंधित मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एसएससी), रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (आरआरबी), इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस) आदि जैसी संबंधित रिक्रूटमेंट एजेंसियों के पास होते हैं। सरकार समय-समय पर और समयबद्ध तरीके से मिशन मोड में उन्हें भरने के लिए मंत्रालयों और विभागों को निर्देश देती रहती है, और इसी क्रम में उन्हें भरने के लिए रोजगार मेलों का देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजन करती रहती है। हाल में आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के लगभग 80 विभागों में लगभग 10 लाख से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें इसरो, रेलवे, गृह मंत्रालय जैसे अहम मंत्रालय और विभाग शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत विविध प्रकार के श्रम बलों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्याओं में से एक है, पर बेरोजगारी दर भारतीय अर्थव्यवस्था को व्यय, आर्थिक वृद्धि, रोजगार के अवसरों आदि में कमी जैसे कई प्रकार से प्रभावित करती रही है। जाहिर है कि अगर बेरोजगारी दर अधिक है, तो इससे आर्थिक प्रगति में बाधा पहुंचती है, और इसकी वजह से सामाजिक अशांति भी फैल सकती है जबकि अगर बेरोजगारी दर कम है, तो इससे उन्नतिशील रोजगार बाजार और बढ़ती अर्थव्यवस्था का संकेत मिलता है। देश के नीति-निर्धारकों का फोकस रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति के लिए रणनीतियां बनाने पर रहता तो है पर उसके ज्यादा सार्थक परिणाम निकलते दिखाई नहीं दे रहे।

### स्वागत वंदन अभिनंदन नव वर्ष 2025
### इस संकल्प के साथ

धरा मैया है हम सब की सभी हम सर झुकाएंगे।
धरा मैया की माटी को सदा मस्तक लगाएंगे।।
इसी में मिलना है इक दिन इसे न छोड़ पाएंगे।
धरा मैया है हम सब की सभी हम सर झुकाएंगे।।

इसकी माटी हमें पाले मोल उसका चुकाएंगे।
साल पच्चीस में संकल्प हम सब ही निभाएंगे।।
न फैलाएंगे कचरा हम स्वच्छ धरती बनाएंगे।
धरा मैया है हम सब की सभी हम सर झुकाएंगे।।

यही संकल्प है अपना हम तो इसको निभाएंगे।
न जीवो को कभी मारें रक्त न हम बहाएंगे।।
जियो जीने भी दो सबको विश्व को हम सिखायेंगे।
धरा मैया है हम सब की सभी हम सर झुकाएंगे।।

**सुरेंद्र जैन सुगन पुष्प बाड़ी**
**धरसीवां रायपुर 6262999840**

# तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद- अतिशय ही अतिशय

संगमरमर की सुंदर शिलाओं से श्रृंगारित प्रकृति का सुंदर दृश्य संस्कारधानी जबलपुर जिले के आसपास सदैव ही देखने को मिलता है । गोंडवाना राजाओं की कर्मभूमि महाकौशल क्षेत्र रही है। चंदेलवंषी एवं कलचुरी राजाओं ने जैन मंदिरों का निर्माण करके उस क्षेत्र को सांस्कृतिक धरोहर से परिपूर्ण किया है । यह क्षेत्र ऐतिहाशिक और पुरातात्विक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। जैन धर्म और दर्शन साहित्य कला की दृष्टि से महाकौशल क्षेत्र अत्यंत समृद्धिशाली है । बहोरीबंद भी श्री दिगम्बर जैन समाज का अतिशय तीर्थ क्षेत्र है, जो सब महाअतिषय तीर्थ क्षेत्र अति प्राचीनता की दृष्टि से बन गया है। भगवान शांतिनाथ ही इस क्षेत्र के मूलनायक हैं । जोकि आज से 1051 वर्ष पूर्व ईसवी सन् 953 (संवत 1010) फाल्गुन वदी 9 को राजागया कर्ण देव के शासन काल में महाभोज के द्वारा शांतिनाथ जी का मंदिर निर्माण कराया गया। श्री सुभद्र प्रतिष्ठाचार्य थे । निर्माण कार्य करने वाला श्रेष्ठी नाम का मिस्त्री था । प्रतिमा के नीचे आसन पर सात पंकित कालेख उत्कोर्ण है, जो कि पत्थर घिस जाने से अपठनीय है। इसी लेख के नीचे मध्य भाग में चिन्ह स्वरूप दो हिरण पास-पास अंकित हैं। यह प्रतिमा कायोत्सर्ग मुद्रा में स्लेटी पाषाण से उत्तीर्ण है जो 16 फुट ऊंची एवं 4 फुट चौडी खड़्गासन है ।



क्षेत्र की प्राचीनता एवं दिव्य स्वपन-समय बदला, शासन बदले । मंदिर महल, किले खण्डहरों में तब्दील होते चले गये भगवान शांतिनाथ का मंदिर भी कालचक्र के प्रभाव से अछूता न रहा। मंदिर ध्वस्त हुआ और प्रतिमा तिरछी भूगर्भ में घुटने तक समा गई, परन्तु प्रतिमा का महल व चमत्कार (अतिशय) से सुपरिचित स्थानीय तथा आसपास के ग्रामवासी इसकी पूजा अर्चना न भूले । इस भू-भाग में शायद किसी जैन धर्मावलाम्बी का निवास नहीं रहा हो, ऐसी सम्भावना है । तभी तो गॉव वाले अपने इस ग्राम देवता को खनुआ देव के नाम से जानते व पूजते थे। जनवरी 1930 में झुल्लक श्री गणेश प्रसाद जी वर्णी बिहार करते हुये रीठी-बाकल होते हुये बहोरीबंद पहुंचे । साथ में चल रहे लोगों ने जब इस विशाल भूर्ति उन्हें दिखाया तब उन्होने कहा था कि यह दिगम्बर जैन मूर्ति है । सिहोरा (जिला जबलपुर) के प्रतिष्ठित नागरिक कल्याण दास जी जैन को दिनांक 24 मार्च सन 1951 को प्रातः 4 बजे स्वपन आया कि बहोरीबंद में भगवान शांतिनाथ के दर्शन करो एवं जीर्णोधार में लग जाओ। वे सिहोरा से साइकिल द्वारा बहोरीबंद पहुंचे । दर्शन करके, जमीन खरीदने, जीर्णोद्वार कराने हेतु योजना तैयार करने प्रेरित हुये। धर्मपत्नी के निधन के पश्चात उन्होंने आजीवन ब्रम्हचार्य व्रत लेकर संकल्प लिया कि शेष जीवन भगवान शांतिनाथ के मंदिर निर्माण एवं क्षेत्र के विकास कार्यों में लगायेंगे। मृत्युपर्यन्त 15 अगस्त 1955 तक याने 44 वर्षों तक उन्होंने जो अथक परिश्रम किया, वह एक मिशाल के तौर पर जाना जाता है । बहोरीबंद का प्रारंभिक विकास कर प्रकाश में लाने का संपूर्ण श्रेय आपको ही है ।

शिखर युक्त विशाल मंदिर का निर्माण- दिसम्बर 1974 तक शिखर युक्त विशाल मंदिर का निर्माण हुआ । इस जिनालय के गर्भग्रह का विशाल हाल 40 फुट लम्बा, 30 फुट चौड़ा तथा 22.5 फुट ऊंचा तैयार हुआ जिसका शिखर 27 फुट ऊँचा बनाया गया इस प्रकार अब प्रतिमा के शिलालेख से शिखर कलश की ऊंचाई 50 फुट है ।

आचार्यश्री का प्रथम प्रवास - संत षिरोमणी आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज दिसम्बर 1982 में संघ (9 मुनि एवं झुल्लक) यहा पधारे । आचार्य श्री के प्रवासोपरांत सन 1990-91 में भगवान शांतिनाथ की विशाल प्रतिमा का जीर्णोधार कुशल शिल्पियों द्वारा सम्पन्न कराया गया, जिसकी पुनः प्रतिष्ठा हेतु लघु पंचकल्याणक का भव्य आयोजन हुआण। यह आयोजन 1 फरवरी 1991 से 5 फरवरी 1991 तक आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी के आशीर्वाद से उनके परम प्रभावक शिष्यों मुनिश्री 108 क्षमा सागर जी, मुनिः श्री 108 समता सागर जी एवं मुनि श्री 108 प्रमाणसागर जी के पावन सानिध्य में सानंद सम्पन्न हुआ ।

आचार्य श्री का द्वितीय प्रवास - मार्च 1992 में 20 पिच्छीधारी मुनियों के साथ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज दूसरी बार बहोरीबंद पधारे। उस समय उपस्थित दानदाताओं से प्राप्त धन राशि से एक प्रवचन हाल का निर्माण सम्पन्न हुया जिसका नाम श्री विद्यासागर हाल रखा गया साथ ही सर्व सुविधायुक्त 10 कमरों का निर्माण भी हुआ।

आचार्य श्री का तृतीय प्रवास- आचार्य श्री का तृतीय प्रवास विशाल संघ 37 मुनिः 1 ऐलक सहित दिनांक 26/03/2001 को हुआ इस विषाल संघ का क्षेत्र को 77 दिन तक आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवधि मै श्रीषटखंडागम धवला ग्रंथ की तेरहवीं पुस्तक की ग्रीष्म कालीन वांचना सानंद सम्पन्न हुई। तदोपरांत श्री बाहुबली मंदिर का निर्माण हुआ । 20 कमरों के भव्य भवन का निर्माण उत्तर दिशा की ओर अहाता के अंदर किया गया जिसका नाम परम पूज्य 108 आचार्य ज्ञान सागर साधना केंद्ररखा गया ।

भगवान बाहुबली की प्राचीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा-भगवान बाहुबली की 10वीं सदी की निर्मित अतिसुंदर, मनोज्ञ, स्लेटी पाषाण की प्रतिमा ब्रः कल्यालादास जी सिहोरा द्वारा बहोरीबंद के ही एक तालाब से लाई गई जिसे क्षेत्र के संग्रहालय में रखा गया ।

सन् 1999 में 48 फुट उंचे बाहुबली मंदिर का निर्माण हुआ जिसमें शिखर मार्बल पैटर्न का बनाया गया । भगवान बाहुबली प्रतिमा के जीर्णोधार के बाद प्राण प्रतिष्ठा का दिनांक 10 फरवरी से 17 फरवरी 2002 तक आयोजन किया गया । श्री मज्जिनेद्र जिन विम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनि श्री 108 योगसागर जी, मुनिश्री 108 प्रवचन सागर जी (समाधिस्थ), मुनिःश्री 108 निर्णय सागर जी, मुनिश्री 108 प्रसाद सागर जी एवं आर्यिका रत्न श्री 105 मृदुमति माताजी, श्री 105 निर्णय मति माताजी, एवं श्री 105 प्रसन्नमति माता जी के ससंघ सानिध्य में सानंद सम्पन्न हुआ ।

यह विशाल धार्मिक आयोजन बहोरीबंद के इतिहास में उल्लेखनीय एवं प्रभावशाली रहा जिसे लाखों जैनेतर बंधुओं ने भी सराहा । आचार्यश्री के परम प्रभावी शिष्य मुनि श्री 108 समता सागर जी, मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी एवं ऐलक श्री निश्चय सागर जी का पावन वर्षा योग 2003 में सम्पन्न हुआ । चातुर्मास अवधि में श्री अशोक कुमार जी पाटनी (आर के मार्बल), श्री रतनलाल जी बैनाड़ा, श्री बाबु ओमप्रकाश जी सूरत वालो ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन कर बहुमूल्य आर्थिक सहयोग दिया द्य

क्षेत्र के गौरव- बहोरीबंद क्षेत्र के गौरव ब्र. कल्याणदास जी के पुत्र श्री पदमचंदजी जैन सिहोरा के सुपुत्र श्री अजित कुमार जैन ने अपनी प्रतिभा एवं मेधा के बल पर प्राथमिक शिक्षासे लेकर उच्च तकनीकी शिक्षा (बीई) उत्च श्रेणी में ग्रहण की और अन संसार असारता और वैराग्य का बोध होने पर अपरिग्रह की सर्वोच्च दशा निग्रन्थ मुनि अवस्था को धारण कर परमपूज्य नियोजक मुनि श्री 108 प्रसाद सागर जी के रूप में संघस्थ है । मुनिश्री 108 प्रसादसागर जी को निग्रन्थ परमपरा अपनाने की प्रेरणा भी इन्ही बहोरीबंद के शांतिनाथ भगवान से प्राप्त हुई थी। आपने 16 अक्टूबर 1997, शरद पूर्णिमा के सिन्धोदय सिद्ध क्षेत्र नेमावर में आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज से मुनी दीक्षा ग्रहण की ।

आचार्य श्री का चतुर्थ प्रवास- आचार्य श्री चतुर्थ प्रवास हेतु दिनांक 31-03-2006 को 46 मुनिराजो के विशाल संघ सहित बहोरीबंद पधारे ।

यहां विराजमान आचार्य संघ के सानिध्य में रोज ही नवीन अतिशय हुये । ग्रीष्म कालीन वांचना भी सानंद हुई । समस्त क्षेत्र वासियों को परम पूज्य आचार्य श्री के चातुर्मास का पूर्ण विश्वास था ।

अतिशय ही अतिशय- दिनांक 31-03-2006 को आचार्य श्री का 46 मुनिराजों के साथ बहोरीबंद आगमन एक परम अतिशय हैण। 01-04-2000 को बहोरीबंद मंदिर परिसर में एक गाय मरणासन्न स्थिती में थी लोगों का कथन था कि वह 2 दिन से कुछ नही खा रही है बस ऐसी ही पड़ी है जैसे ही गाय ने आचार्य श्री के प्रातः बेला में दर्शन किये उठकर खड़ी हुई मानों प्रथमबार नमोस्तु कर रही हो और स्वयमेव ही आशीर्वाद प्राप्त कर गमन कर गई । दिनांक 02/04/2006 - आचार्यश्री सुबह 6 बजे शौचक्रिया (जंगल) की ओर जा रहे थे कि तभी अचानक एक सर्प भी उन्हीं के साथ साथ के बाजू में चलने लगा कुछ दूर चलने के बाद वह झाड़ियो में छिप गया पर जैसे ही आचार्य श्री वापस आने लगे वह नागराज झाड़ियो से निकला और मेन सड़क पर कुण्डली मारकर बैढ गया । आचार्य श्री को नमोस्तु कर के मानो वह ग्रीष्म कालीन प्रवाह का निवेदन बार-बार फन झुकाकर करने लगा। आचार्यश्री ने रुककर णमोकार महामंत्र पढ़ा । सर्प ने आशीर्वाद लेकर पुनः झाड़ियो की ओर प्रस्थान किया । इस घटना को देखकर सभी उपास्थित लोग आश्चर्य-चकित रह गये ।

दिनांक 12/04/06 दिल्ली को आई एक भद्र महिला श्रीमति निषा ने सायंकाल आचार्य श्री को मंदिर की ओर जाते देख नमोस्तु किया और कहने लगी मैं लगभग 20 वर्षो से आचार्य श्री के दर्शनार्थ आ रही हूँ पहली बार मैंने आचार्य श्री को अकेले जाते देखा और इतने अच्छे दर्शन किये वास्तव में सिर्फबहोरीबंद में ही यह अतिशय देखने मिला ।दिनांक 09/05/2006 प्रातः 6 बजे आचार्य श्री संघ सहित जंगल की ओर जा रहे थे सामने से एक बस आ रही थी जैसे ही बस बाजू से निकली आचार्य श्री की पिछी बस के एक हिस्से को छू गई । यह दृश्य साथ में हम सभी देख रहे थे । बस मानों हम सभी से कह रही थी जिस पिच्छी के आशीर्वाद को श्रावक तरसते हैं वह अनायास ही मुझे आशीष दे रही है। धन्य हूँ मैं जो आज इस प्रातः बेला में यहां से निकली मुझ निर्जीव पर भी आचार्य श्री कृपा अनजाने में बरस गई, और वह बस इठलाते हुये बाकल की ओर बढ़ गई ।

प्रति दिन सायं आचार्य भक्ति के समय बादलों का धुमड़ कर आना और नियम से आचार्य भक्ति में शामिल होकर वातावरण को शीतलता प्रदान करना दिन चाहे कितना ही गर्म क्यों न हो रात्रि यहां हमेशा शीतल होती है तभी तो आचार्य श्री ने बहोरीबंद को संतो की हिल स्टेशन कहा है ।

दिनांक 15/05/2006 प्रातः बेला मे समस्त संघ के मुनिराज जब जंगल से वापस आ रहे तभी अचानक जोरदार वारिष होने लगी प्रथम बार हम लोगों ने आचार्य श्री सहित समस्त संघ का मस्तकाभिषेक देखा। इंद्र देव ने सपरिवार आकर आचार्य संघ को नमोस्तु करते हुये अभिषेक किया, बादलो ने अभिषेक बेला में गरजना करके घंटों की ध्वनि की, पेड़ों की शाखाओं ने इठलाकर इस अवसर पर नृत्य किया और पृथ्वी ने आदर सहित गुरुवर के अभिषेक का गंधोदक आपने भाल पर धारण किया । ऐसा अविस्मरणीय दृश्य कई जन्मों तक भुलाना मुश्किल होगा ।

दिनांक 20/05/2006 समय दोपहर 3 बजे फोन द्वारा क्षेत्र पर सूचना आई कि कही सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर (दमोह में 1008 बड़े बाबा मंदिर के निर्माण कार्य पर लगा स्टे हट गया है । यह समाचार लेकर मैं संजय मोदी ब्र संजीव जी, मुनि भक्त डब्बू (कटंगी) के साथ परम पूज्य गुरूवर के पास जयकारा लगाते हुये पंहुचे । बडे बाबा के जयकारे से शायद सभी संघ मुनिराजों को लगा कि अच्छी खबर है । यह समाचार हमने आचार्य श्री को नमोस्तु करते हुये सुनाया तब आचार्य श्री ने कहा यह तो होना ही था । ऐसा लगा मानों आचार्य श्री के ज्ञान में यह निर्णय पहले ही आ चुका था । ढ़ोल नगाड़ों के साथ जीत की खुषी सभी श्रावको ने नृत्य करके मनाई जगह-जगह रांगोली बनाई गई, दीपक जलाये गये आचार्य के चरणों का अभिषेक समस्त संघ के समस्त श्रावको ने किया । कुछ श्रावकों ने तो दूध से आचार्य श्री के चरण पखारे । मिठाइयाँ बाँटी गई। आचार्य के बहोरीबंद में विराजमान होने पर यह फैसला भी एक बहुत बड़ा अतिशय है ।

जिस सड़क पर से आचार्य श्री रोज सुबह जंगल जाते हैं वह सड़क धन्य हो गई और कहती है यहा देखो मैं कितनी भाग्यशाली को रोज मुझ पर आचार्य श्री के चरण पढ़ते है मैं रोज आपने कंकण पत्थर के द्वारा संघ की वैयावृत्ति करती हूँ । रोज ही ब्रम्हमुहूर्त में आचार्य जी के आने का इंतजार करती है और जैसे ही समस्त आचार्य संघ के चरण मुझ पर पड़ते है, लगता है अपने करों को फैलाकर आचार्य संघ की वैथावत्ति कर लूं । हे प्रभु मुझे इसी तरह अपने चरणों को रज प्रदान करते रहना और आने वाले समय में मुझे चार माह (चातुर्मास) तक वैवावृत्ति का अवसर प्रदान करना ।

इस तरह नित नये अतिशय यहां हुये। पिछली वाचना में पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज से बाहर से आये दर्शनार्थियों ने निवेदन करते हुये प्रश्न किया था कि हे गुरुवर इस क्षेत्र का अतिशय क्या है? तब आचार्य जी ने विनोद भरे लहजे में समाधान किया था कि सारे इतने मुनिराजों का संघ सहित यहाँ आना क्या कम अतिशय है और उतनी भीषण गर्मी में भी बांचना का सुख शांति पूर्वक चलना इन्ही शांतिनाथ भगवान की ही कृपा है । आचार्य श्री ने अपने प्रवचनों में दी उद्घधारित किया था कि यह क्षेत्र एक जीवंत अतिशय तीर्थ क्षेत्र है ।

विगत वर्ष इस क्षेत्र पर संत शिरोमणि आचार्य श्री108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि पुंगव निर्यापक श्रमण श्री 108 सुधा सागर जी महाराज जी का आगमन हुआ। उन्होंने गुरुदेव की भावना का ध्यान रखते हुए मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान को उत्तर मुखी करने हेतु प्राचीन मंदिर को नवीन रूप देने हेतु नवीन मंदिर जी का शिलान्यास कराया । शिलान्यास में मुख्यशिला महामहिम दानवीर श्री अशोक जी, श्रीमती सुशीला जी पाटनी किशनगढ़,श्री उत्तमचंद जी अनुराग जी अनुज जी कोयला परिवार कटनी, श्री प्रेमचंद जी प्रेमी भोपाल एवं श्री सुभाष चंद्र जी सुभाष ट्रांसपोर्ट कटनी ने रखी । आज इस क्षेत्र पर 100 बाय 150 फुट में पाषाण का भव्य जिनालय निर्माणाधीन है । क्षेत्र पर ही 16८ष्ट अटैच कमरों का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। आप भी इस भव्य जिनालय के निर्माण में सहयोग देकर पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं ।

**प्रस्तुति**
**मोदी संजय जैन**
**मंत्री- तीर्थ क्षेत्र कमेटी, बहोरीबंद**



# अमित की रणनीति से नक्सलवाद पर लगाम

**उमेश चतुर्वेदी**

नक्सलवाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण नक्सल प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे की कमी को माना जाता रहा है। नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए मौजूदा केंद्र सरकार ने सबसे पहले इसी समस्या को खत्म करने पर जोर दिया। बीते वक्त में क्या खोया और क्या पाया, हर नए साल के साथ इसके मूल्यांकन की परंपरा है। इस लिहाज से अगर बीते हुए यानी साल 2024 का मूल्यांकन करेंगे तो कई बिंदुओं पर हमें निराशा हाथ लगेगी तो कई उपलब्धियों और कामयाबियों का भी जिक्र होगा। लाल आतंक के रूप में विख्यात नक्सलवाद पर नकेल बीते हुए साल की उपलब्धि कही जा सकती है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, लेकिन इसमें भूमिका राज्यों की भी कम नहीं रही है। बीते साल सुरक्षा बलों की कार्रवाई में भारी संख्या में नक्सली या तो मारे गए हैं या फिर गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही कई नक्सलियों ने समर्पण करके मुख्यधारा की जिंदगी को अपनाया है। नक्सली आतंक पर कामयाबी के पीछे रही तीन-स्तरीय रणनीति, जिसके तहत सबसे पहले नक्सलियों पर समर्पण का दबाव बनाया गया। अगर इसके बावजूद नक्सली नहीं मानता तो उसकी पहले गिरफ्तारी के लिए रणनीति बनाई गई। इसके बावजूद अगर नक्सलवादी नहीं



अमित शाह

माने तो उनके खिलाफनिर्णायक मुठभेड़ की तैयारी की गई। इसी का असर रहा कि बीते साल अकेले छत्तीसगढ़ राज्य मे ही करीब एक हजा से ज्यादा नक्सलियों ने या तो आत्मसमर्पण किया या फिर उनकी गिरफ्तारी की गई है, जबकि करीब 287 नक्सली मारे गए। इनमें झारखंड में मारे गए नक्सलियों की संख्या सिर्फनौ रही, जबकि सबसे ज्यादा नक्सली छत्तीसगढ़ में मारे गए। झारखंड में इसी तरह एक सैक मेम्बर, दो जोनल कमांडर, छह सब जोनल कमांडर और छह एरिया कमांडर गिरफ्तार किए गए। इन सभी नक्सलियों पर 36 लाख का इनाम घोषित था। छत्तीसगढ़ की कमर सबसे ज्यादा उस छत्तीसगढ़ में टूटती नजर आ रही है, जहां नक्सलियों कभी कांग्रेस के तकरीबन समूचे राज्य नेतृत्व को खत्म कर दिया था। छत्तीसगढ़ में करीब 867 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण नक्सल प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे की कमी को माना जाता रहा है। नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए मौजूदा केंद्र सरकार ने सबसे पहले इसी समस्या को खत्म करने पर जोर दिया। इसके तहत केंद्र सरकार ने विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान केंद्रित किया । बस्तर समेत तमाम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के हजारों गांवों को सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा गया। इन गांवों में बुनियादी सहूलियतों को बहाल किया गया। इसकी वजह से इन इलाकों के स्थानीय निवासियों की जिंदगी की कठिनाइयां कम हुईं। इसकी वजह से उन्होंने विकास की धारा को अपनी आंख से देखा और भारतीय राष्ट्र राज्य के बारे में उनकी धारणा बदली। इस धारणा को बदलने के बाद सुरक्षा बलों के लिए नक्सलियों को रोकने के लक्ष्य में बड़ी सफलता मिली। नक्सलियों को लोक समर्थन कम हुआ। इसके साथ ही सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए आर्थिक सहायता और पुनर्वास योजनाओं की शुरुआत की। इसके तहत 15,000 आवास बनाने का फैसला लिया गया, साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में रोजगार को लेकर विशेष योजनाएं चलाई गईं। इससे न केवल हिंसा में कमी आई , बल्कि स्थानीय लोगों की जिंदगी की दुश्वारियां कम हुईं। इसकी वजह से उन लोगों का मन बदला, जो माओवाद की राह पर नक्सलवादी वैचारिक बहकावे में चल पड़े थे। बुनियादी ढांचा सुधारने, रोजगार की स्थितियां बेहतर बनाने और विकास की धारा को बहाने के बावजूद लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहे लोगों के लिए मुख्यधारा में लौटना या मुख्यधारा के प्रति भरोसा बनाना बिना सुरक्षा सुनिश्चित किए संभव नहीं था। सरकार ने इस मोर्चे पर भी काम किया और सुरक्षा बलों की प्रभावी उपस्थिति हर संभव स्तर पर की। नक्सल प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य और शिक्षा सहूलियत को बढ़ावा देने के लिए युद्धस्तर पर कार्यक्रम चलाए गए। पहले इन इलाकों के लिए स्कूल और अस्पताल सपना थे, लेकिन अब हालात बदल रहे है। इसके साथ ही, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना भी की गई है। जहां आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। इससे भी नक्सल प्रभावित इलाकों के लोगों का मन बदला है। स्थानीय समुदायों का सहयोग इस अभियान की सफलता का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है। अमित शाह ने प्रभावित क्षेत्रों में जनता से सीधे संवाद स्थापित किया है। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। स्थानीय सुरक्षा बलों को मजबूत करते हुए उनकी मदद से नक्सलवाद को कमजोर किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल जनता का विश्वास जीता है, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और स्थिरता लाने में भी मदद की है। इस बीच नक्सलियों पर गहन निगाह रखने के लिए जहां खुफिया तंत्र को मजबूत बनाया गया, वहीं उनकी निगाहबानी के लिए तकनीक का भी खूब सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन जैसी तमाम तकनीकों के जरिए जहां माओवादियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, वहीं सटीक सूचनाओं के चलते उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में भी आसानी हुई है। इसके साथ ही नक्सलियों के लिए की जा रही परोक्ष और अप्रत्यक्ष फंडिंग पर नकेल कसी गई है।

# नैला में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन 3 से 10 जनवरी तक

## पात्रों का चयन : समाज में उल्लास का वातावरण


सिद्ध चक्र महामंडल विधान के सौधर्म इंद्र सुशील कुमार नूतन लुहाड़िया नैला


सिद्ध चक्र महामंडल विधान के कुबेर श्री यंत्र कुमार जी मुन्नी देवी अजमेरा,मैना सुंदरी श्रीपाल बनने के सौभाग्य शाली परिवार धीरज कुमार जी नेहा जी अजमेरा परिवार नैला

**नैला-जांजगीर (विश्व परिवार)।** भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर नैला के इतिहास में प्रथम बार सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन जैन समाज नैला जांजगीर द्वारा 3 जनवरी से 10 जनवरी 2025 तक जैन मंदिर नैला के प्रांगण में आयोजित हो रहा है। परम पूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज, समाधिस्थ आचार्य 108 विराग सागर जी महाराज, छत्तीसगढ़ गौरव पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज, मुनि सुब्रत नाथ सौभाग्य तीर्थ प्रणेता आर्यिका 105 सौभाग्य मति माताजी के मंगल आशीर्वाद से विधानाचार्य मयंक जी शास्त्री दमोह के द्वारा सिद्ध चक्र महामंडल विधान कराया जाएगा।

आज विधान के प्रमुख पात्रों का चयन किया गया जैन समाज नैला के सदस्यों ने प्रथम बार आयोजित विधान के प्रमुख पात्रों में सौधर्म इंद्र सुशील कुमार जैन (श्रीमती शकुंतला देवी लुहारिया परिवार) कुबेर इंद्र श्री यंत्र कुमार मुन्नी देवी अजमेरा परिवार, श्रीपाल मैना सुंदरी धीरज कुमार नेहा देवी अजमेरा परिवार, ध्वजारोहण श्री मदन लाल जी राजेश कुमार जी लोहारिया, भरत चक्रवर्ती डॉ. पीसी जैन परिवार, बाहुबली प्रभात जैन परिवार चंपा, ईसान इंद्र संजय कुमार जी सक्षम कुमार जी जैन परिवार, सनत इंद्र श्री वीर कुमार जी जैन परिवार, महेंद्र इंद्र श्री सुधीर कुमार सुरेश कुमार लुहाड़िया परिवार, यज्ञ नायक राजेश कुमार लुहाड़िया परिवार, महायज्ञ नायक सुनील कुमार जैन परिवार चांपा, मंडलेश्वर दिनेश कुमार जी जैन, महामंडलेश्वर विजय कुमार जी लुहाड़िया परिवार एवं अष्ट कुमारियों का चयन विधान आचार्य के द्वारा कराया गया।

सिद्ध चक्र महामंडल विधान की तैयारी में जैन समाज नैला के सदस्य, जैन महिला मंडल, नवयुवक मंडल के सभी सदस्य लगे हुए हैं नैला में आयोजित सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में छत्तीसगढ़ में दिगंबर जैन समाज के सभी नगरों के समाज को विधान में धर्म लाभ लेने सादर आमंत्रित किया गया है। सिद्ध चक्र महामंडल विधान में संगीतकार सोनू जैन पार्श्वनाथ म्यूजिकल ग्रुप सागर के द्वारा संगीत मय पूजन संपन्न कराई जायेगी।

लाल पत्थरों से निर्मित भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर की वर्षगांठ के उपलक्ष में सिद्ध चक्र महामंडल विधान के आयोजन से समाज में उल्लास का वातावरण है।

# श्री जंबु संभूशेटे जी परिवार द्वारा ध्वजारोहण के साथ नांदणी पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ : अभिषेक पाटील



**नांदणी/महाराष्ट्र (विश्व परिवार)।** नांदणी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव प्रसिद्धी विभाग के श्री अभिषेक अशोक पाटील जी ने बताया की धर्मानुरागी श्री जंबु बाबु संभूशेटे, सौ शोभा जंबु संभूशेटे और नांदणी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्याध्यक्ष श्री सागर जंबु संभूशेटे परिवार नांदणी द्वारा ध्वजारोहण के साथ नांदणी पंचकल्याण महोत्सव का शुभारंभ हुआ। आचार्य भगवन विशुद्धसागर जी महाराज, प.पू.जिनसेनभट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी, नांदणी, विधायक श्री राजेंद्र पाटील यड्रावकर जी विधायक श्री राहुल प्रकाश आवाडे जी, विधायक श्री अशोकराव माने जी और पूर्व सांसद श्री राजू शेट्टी जी, श्री अण्णासाहेबजी चकोते, श्री रावसाहेब जी पाटील, नांदणी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्याध्यक्ष श्री सागर संभूशेटे जी, श्री अरविंदजी मजलेकर, श्री भूपाल गिरमल, श्री कुमार पाटील(कुरुंदवाड), श्री महावीर जी गाट, श्री भरत गाट, श्री सौरभ गाट, सौ रेशमा तेजस शहा उपस्थित थे।

उत्तर भारत और दक्षिण भारत के 8 आचार्य परमेष्ठी भगवन, 51 दिगंबर जैन मुनीराज, 16 माताजी और प. पू . जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी, नांदणी एक साथ एक मंच पर विराजमान थे, यह अद्भुत नजारा नांदणी पंचकल्याणक में सभी देखने को मिला। प.पू.चर्याशिरोमणी अध्यात्मयोगी श्री 108 आचार्य विशुद्धसागरजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 धर्मसेनजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 जिनसेनजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 मयंकसागरजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 शांतीसेनजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 धर्मभूषणजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 विद्यानंदी जी महाराज ससंघ का मंगल सानिध्य प्राप्त हो रहा हैं।

नांदणी पंचकल्याण के द्वितीय दिन गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध संपन्न हुआ। सुबह समारोह में जैन ध्वजा को लेकर आगे आगे रथ, हाथी, घोडे चल रहे थे। सौभाग्यशाली महिलाएं केशरिया परिधान में सिर पर मंगल कलश लेकर चल रहीं थी। बैंडबाजों की मधुर धुन पर युवा साथी भक्तिमय नृत्य कर रहे थे। घटयात्रा में लाए गए शुद्ध जल से वेदी, मंच एवं पांडाल की शुद्धि की गई और ध्वजारोहण किया गया।

आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी ने अपने प्रवचन में कहा की नांदणी पंचकल्याणक में उत्तर भारत के मुनीराज और दक्षिण भारत के साधु का एक साथ बैठना समाज में आनंद का क्षण हैं। कर्नाटक, महाराष्ट्र, इंदोर, हुबळी, बेळगांव, कोल्हापूर, सांगली, जयसिंगपूर, माणगाव, कुंभोज, हुपरी, हारोली, मालगाव से पधारे हुये हजारो श्रावक -श्राविका उपस्थित थे। नमोस्तु शासन जयवंत हो। **-अभिषेक अशोक पाटील**

# संक्षिप्त समाचार

## स्वच्छता पर ध्यान, गंदगी फैलाने वाले 8 लोगों पर लगाया जुर्माना, निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की नियमित हो रही मॉनिटरिंग



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** 2 जनवरी ।स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई पर फोकस किया जा रहा है ।निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की नियमित हो रही मॉनिटरिंग ।इस क्रम में निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वार्ड 54 पोटिया इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान होटल व पान ठेला दुकानदार द्वारा नाली व सड़क पर गंदगी फैलाए जाने के कारण 8 लोगो से 200-200 कुल 1600 रुपये जुर्माने की कार्रवाही की गई ।साथ ही दुकान के बाहर किनारे कचरा फैलाने पर भी जुर्माना की कार्रवाई की गई। इस तरह चार दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। निगम कमिश्नर अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी शहर के वार्ड 54 पोटिया क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया ।कार्रवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने दुकानदारों को नियमित रूप से साफ-सफाई रखने और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग कर देने की समझाइश दी। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गंदगी फैलाने पर शहर में मार्केट क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार चालान की कार्रवाई लगातार जारी गई है।

## कर्मचारी घर-घर जाकर बना रहें है बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड, 98 वर्ष बुजुर्ग का बनाया आयुष्मान कार्ड

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** 02 जनवरी ।नगर पालिक निगम। शहर में घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमदों तक पहुंचाना है। नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा घर-घर आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजन को प्रभावी बनाने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व मितानिनों की टीम सहित अन्य कर्मचारियों की टीम गठित की गई है। यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र हितग्राही इन योजनाओं से दूर न रहे। बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों को उनके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत घर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। कसारीडीह निवासी अवधर्षम चन्द्राकर 98 साल के बुजुर्ग के घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया !शिविर में सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है।



## निगम भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र में 3 व 4 जनवरी को पेयजल आपूर्ति पूर्णत: बाधित रहेगी

**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र से निगम भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र में जलप्रदाय किया जाता है। 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित उच्चस्तरीय जलागार को भरने वाली राईजिंग पाईप लाईन यातायात पुलिस थाना नेहरू नगर के परिसर में लिकेज हो गया है। जिसके कारण 24 घंटे पानी का बहाव हो रहा है। पाईप लाईन 800 एम.एम. डाया का होने के कारण संधारण में लगभग 24 घंटे लगने की संभावना है। पाईप लाईन संधारण हेतु आवश्यक सामग्री संग्रहित कर ली गई है। पाईप लाईन संधारण दिनांक 03.01.2025 को किया जायेगा। जिससे दिनांक 04.01.2025 एवं 05.01.2025 को नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खहरिया एवं नगर निगम रिसाली के रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली उच्चस्तरीय जलागारों में जलप्रदाय पूर्णत: बाधित रहेगी। संधारण कार्य पूर्ण होने पश्चात पूर्व की भांति जल प्रदाय किया जायेगा।



# मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने तीर्थो का कल्प कर दिया : आर्यिका सृष्टि भूषण मति माता जी

## एक सौ आठ कलशों से किया अभिषेक, विनीत कुमार जैन के डी आई जी वनने पर कमेटी ने किया सम्मान

## विकास की राह पर अग्रसर है दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी : विजय धुर्रा



**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** श्री सुधा सागर जी महाराज ने थूवोनजी का तो नक्सा ही बदलवा दिया इस तीर्थ पर हमने महिनों बहुत छोटे से स्थान पर व्यतीत किए लेकिन आज इस तीर्थ का स्वरूप देखते ही बनता है दर्शनोदय के चारों ओर वह रहीं वाहार में एक अलग सा आनंद विखर रहा है इस तीर्थ के कड़ कड़ में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की तपस्या को हमने अपने नयनों से स्वयं देख है मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ने जो तीर्थ क्षेत्रों के लिए किया है वह कार्य कोई नहीं कर सकता वल्कि उस ओर किसी का सोच भी नहीं जाता उक्त आश्य केउद्गार दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए आर्यिका रत्न श्री सृष्टि भूषण मति माता जी ने व्यक्त किए।

समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि मुनि पुंगवश्रीसुधासागर जी महाराज ने जव से इस तीर्थ पर कृपा की वर्षांत की है यह क्षेत्र नित नए ऊंचाई को प्राप्त कर रहा है इस दौरान माता जी ने कहा कि अंतरंग नहीं बदले गा तव तक कुछ भी नहीं होने वाला बहिरंग को तो वहरूपिया भी बदल लेता है रात्रि में पक्षी भी सो जाते हैं सूर्य उदय के तीन घंटे वाद भोजन करना करने से आप स्वस्थ रहेंगे आज लोग देर सुबह तक सोते रहते हैं और देर शाम तक खाते पीते रहते हैं इसलिए आप लोगों को रोग घेर रहे हैं आपने आप को स्वस्थ रखना है तो सबसे पहले अपनी आदतों को बदलना पड़ेगा बुरी आदतों को बदल कर जीवन को अच्छा बनाने की ओर अग्रसर हो।

आज प्रात: काल दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का वर्ष के प्रथम दिन महा मस्तिष्काभिषेक करने का सौभाग्य शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के साथ आर्यिका रत्न श्री सृष्टि भूषण मति माता जी के मुख से हुई मंत्रोच्चार के साथ किया गया भगवान का एक आठ रिद्धिमंत्रो केसाथ महाभिषेक करने का सौभाग्य प्रथम इन्द्र कैलाश चंद्र अशोक कुमार मनोज कुमार संजीव कुमार वंटी भ इया धुर्रा वहीं दूसरी ओर से इन्द्र राजेश कक्का परम पूज्य निश्चल सागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के परिवार सनत इन्द्र शालू भारत महेन्द्र इन्द्र धर्मेन्द्र रोकड़िया के साथ ही जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा में प्रदीप जैन रानी मनोज भैसरवास राजीव चन्देरी संजीव जैन महावीर स्वीट्स अशोक जैन टींगू मिल प्रमोद मंगलदीप सहित अन्य प्रमुख जनो दारा की गई। **-विजय धुर्रा**

# 105 आर्यिका श्री वैराग्यमति माताजी ससंघ का डोंगरगढ़ में भव्य मंगल प्रवेश हुआ



**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** आज दिनांक 1 जनवरी 2025 को प्रात: 9 बजे 105 आर्यिका श्री वैराग्यमति माताजी ससंघ का डोंगरगढ़ में गाजे बाजे के साथ जगह ङ्क जगह रंगोली बनाकर एवं आरती सजाकर भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आर्यिका संघ (105 आर्यिका श्री वैराग्यमति माताजी, 105 आर्यिका श्री सहजमति माताजी, 105 आर्यिका श्री धवलमति माताजी, 105 आर्यिका श्री प्रशममति माताजी) का मंगल विहार डिंडोरी (मध्य प्रदेश) से अमरकंटक होते हुए डोंगरगढ़ हुआ है। आर्यिका संघ ने लगभग 350 किलोमीटर की लगातार पदयात्रा करते हुए दिनांक 5 दिसम्बर 2024 को डिंडोरी से विहार किया था और आज 1 जनवरी 2025 को डोंगरगढ़ पहुचे। आर्यिका संघ के चातुर्मास पश्चात डिंडोरी जैन समाज के युवा मंडल, बालिका मंडल लगभग 15 से 20 लोगो ने माता जी के साथ पद विहार किया जिसके लिए डोंगरगढ़ जैन समाज ने उनका तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिवादन किया। आर्यिका श्री वैराग्यमति माताजी ने कहा की वे पहली बार डोंगरगढ़ आई है और यहाँ 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की कृपा रही की उन्होंने यहाँ 3 चातुर्मास, ग्रीष्मकाल और शीतकाल व्यतीत किया है। यहाँ के लोगो का पुण्य और भाग्य बहुत अच्छा है जो ऐसे गुरु का सानिध्य प्राप्त हुआ। अमरकंटक तीर्थ को देखकर लगता है की आचार्य श्री कि कितनी दूर दृष्टि थी की उनके आशीर्वाद से ऐसे तीर्थ का निर्माण हुआ जो हजारों सालो तक लोगो को सम्यक दर्शन का बोध करायेगा। चन्द्रगिरी महातीर्थ क्षेत्र भी 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की कृपा से बन रहा है एवं यहाँ पर प्रतिभास्थाली, चल चरखा हाथकरघा, गौशाला भी चल रही है। यह बहुत दुर्लभ है जिससे आपको जीवन पर्यन्त धर्म लाभ मिलते रहेगा। आचार्य श्री ने अपने जीवन का अंतिम समय संलेखना धारण कर यही व्यतीत किया है जो की सम्पूर्ण विश्व में इस महातीर्थ को अलग पहचान दी है। आज प्रात: 7:30 बजे 108 मुनि श्री आगम सागर महाराज जी के सानिध्य में श्री दिगम्बर जैन मंदिर डोंगरगढ़ में मूलनायक 1008 श्री नेमिनाथ भगवान का महामस्तिकाभिषेक एवं शांतिधारा हुई तत्पश्चात आचार्य श्री की पूजन हुई एवं नये वर्ष के उपलक्ष्य में श्री जय कुमार जैन की तरफ से सम्पूर्ण जैन समाज को स्वल्पाहार कराया गया। उक्त जानकारी **निशांत जैन (निशु)** द्वारा दी गयी है।

# शाश्वत तीर्थ अयोध्या में युवा परिषद् अवार्ड समर्पण समारोह एवं राष्ट्रीय अधिवेशन 5 जनवरी को

## मंगल सानिध्य होगा सर्वोच्च साध्वी गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी



**अयोध्या (विश्व परिवार)।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद का 49 वेंस्थापना दिवस के अवसर पर शाश्वत तीर्थ अयोध्या भगवान ऋषभदेव देव दिगंबर जैन मंदिर बड़ी मूर्ति परिसर में 5 जनवरी 2025 रविवार दोपहर 1:00 बजे परम पूज्य गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ससंघ के सानिध्य, प्रज्ञा श्रमणी आर्यिका रत्न श्री चंदनामती माताजी, पीठाधीश रवीन्द्र कीर्ति स्वामीजी के मार्गदर्शन में युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डां.जीवन प्रकाश जैन जम्बूद्वीप, औ हस्तिनापुर की अध्यक्षता में युवा परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं अवार्ड समर्पण समारोह आयोजित होगा।

समारोह के मुख्य अतिथि भारतवर्षीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन गाजियाबाद, विशिष्ट अतिथि तीर्थ क्षेत्र कमेटी उत्तर प्रदेश के आंचलिक अध्यक्ष जवाहरलाल जैन सिकंदराबाद, अध्यक्ष श्री बंगाल, बिहार, उड़ीसा तीर्थ क्षेत्र कमेटी कोलकाता, एक्सपर्ट पैनल मेंबर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के प्रकाश चंद्र मोदी भाटापारा, समाजसेवी शरद कासलीवाल दिल्ली होंगे।

अवार्ड समारोह में आउटस्टैंडिंग शाखा अवार्ड 51 000, एक्सीलेंट शाखा अवार्ड का ?31000, बेस्ट शाखा अवार्ड, अवार्ड 21000 रुपए के होंगे। उक्त अवार्ड का चयन निर्णायक मंडल युवा परिषद् के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बिजेंद्र जैन दिल्ली, राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री दिलीप जैन जयपुर हैं। परिषद के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन हस्तिनापुर के अनुसार उक्त समारोह में दिगंबर जैन अयोध्या कमेटी का विशेष सहयोग रहेगा उन्होंने बताया कि अवार्ड समारोह व राष्ट्रीय अधिवेशन में दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि प्रान्तो से सैकड़ों की संख्या में सदस्य उपस्थित होंगे। इस अवसर पर सांय 6:30 बजे युवा परिषद का प्रगति रिपोर्ट सत्र भी पीठाधीश रवीन्द्र कीर्ति स्वामी जी के निर्देशन में संपन्न होगा। **-उदयभान जैन**

# राज्यपाल रमेन से मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने दी नए वर्ष की शुभकामनाएं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा और प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। श्री डेका ने भी उन्हें नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल रमेन डेका ने इन अधिकारियों से केन्द्र शासन की फ्लैगशीप योजनाओं, राज्य शासन की योजनाओं की प्रगति, प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

# जशपुर पुलिस द्वारा टीम भावना से कार्य करने पर अपराधों में कमी आई : एसपी शशि मोहन सिंह

## ऑपरेशन शंखनाद महादेव सट्टा एप्प, में मिली बड़ी सफलता




**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** एसपी शशि मोहन सिंह द्वारा गुरुवार को एस पी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेन्स आयोजित किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेन्स में जिले भर के सभी पत्रकार शामिल थे। उन्हे एस पी ने नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एस पी सिंह ने वर्ष 2024 की साल भर की घटनाएं पत्रकारों को अवगत कराया। इस दौरान पत्रकारों ने घटनाओं पर मुखर होकर सवाल पूछे। जिसका तत्कालीन एस पी शशिमोहन सिंह ने शालीनता के साथ जवाब दिया। उन्होंने पत्रकारों को बताया जशपुर पुलिस ने वर्ष 2024 में अंधे कत्ल के कुल 09 मामलों का खुलासा कर 19 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की ।सामुहिक दुष्कर्म के कुल 09 मामलों में 38 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

जे.जे.एम.पी. (झारखंड जन मुक्ति परिषद) के एरिया कमांडर सरगना टुनेश लकड़ा उर्फ रवि सहित अन्य 05 साथियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली। ऑपरेशन शंखनाद के तहत् गौ तस्करी के कुल 61 प्रकरणों में 109 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 704 नग गौ-वंश तस्करी से बचाया गया है, साथ ही गौ-तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के कुल 35 वाहन कीमती लगभग रू. 3, 50, 00, 000 /- (तीन करोड़ पचास लाख रू.) को जप्त किया जा चुका है, जिसमें से 16 वाहन राजसात हो चुके हैं।

महादेव सट्टा एप्प ग्रामीणों का खाता खुलवाकर लगभग 100 बैंक खातों के कुल 124 एटीएम कार्ड से करोड़ों रूपयों की हेरा-फेरी की गई की गई।

# नगर निगम जोन क्रमांक-3 के पदाधिकारी गण सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर निगम के ऐसे राजस्व अधिकारी जिन्होंने कपड़ा मार्केट में निरंतर सदस्यों एवं व्यापारियों हेतु वित्तीय वर्ष 2024- 25 के संपति कर भुगतान हेतु अनावश्यक दफ्तरों के चक्करों तथा समय की बचत के साथ साथ टेक्स संबधी जरूरी जानकारी, भुगतान, नामांतरण संबधी जरूरी जानकारी, संशोधन तथा टेक्स भुगतान की आन लाइन प्रक्रियाओं हेतु जरूरी सजगता, निराकरण तथा राजस्व विभाग से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से व्यापारी वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा था।

संघ द्वारा नगर निगम जोन 3 के सहायक राजस्व अधिकारीय श्री प्रेमचंद दुबेजी, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री मो.मोहिब खान जी, ए आर .आई श्री आशुतोष तिवारी जी और सहायक मो.अयुब खान जी का शाल और पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया जिन्होंने संघ कार्यालय के शिविर में आकर सदस्यों को लाभान्वित कर रहे थे।

सम्मान समारोह में संघ अध्यक्ष माननिय श्री सरल मोदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री जयचन्द नवानी जी श्री नरेन्द्र बरलोटा, सचिव श्री राजकुमार दरिरा उपकोषाध्यक्ष श्री प्रकाशचंद बरलोटा, श्री मूलचंद जैन, श्री दिलीप जैन, श्री सुशील दरिरा पूर्व अध्यक्ष माननीय श्री चन्दर विधानी जी, टेक्सटाइल मार्केट महासचिव श्री पूनम बरड़िया जी श्री उपाध्यक्ष श्री मूलचंद खत्री, राजेश जैन जी श्री गौतम दुग्गड जी सहित अन्य विशेष सदस्य और पदाधिकारिगन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ने निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ की दिलाई शपथ

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट में अधिकारी एवं कर्मचारियों को निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत टीबी, कुष्ठ एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 7 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा 7 से 22 दिसंबर 2024 तक घर-घर सर्वे कर टीबी एवं कुष्ठ की संदेहास्पद मरीजों की पहचान की गई। अभियान के दूसरे, तीसरे एवं चौथे चरण में पाए गए संदेहास्पद मरीजों की जांच कर उनकी बीमारी के संबंध में पुष्टि कर उनका उपचार किया जाएगा। अभियान के दौरान बाजार, छात्रावास, वृद्धाश्रम, अनाथालय, जेल एवं अन्य स्थानों पर निक्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी शासकीय कार्यालय, विद्यालय, महाविद्यालयों में टीबी, कुष्ठ एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए शपथ दिलाई जा रही है। इस अवसर पर एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अबूझमाड़ के मसपुर में कराया गया सफल संस्थागत प्रसव

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** जिले के ओरछा विकासखंड के अंतर्गत स्थित मसपुर, एक सुदूर और दुर्गम क्षेत्र है। यहां के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशान में जिला प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायतों को चिन्हांकित कर राज्य सरकार के नियद नेल्लानार योजनांतर्गत जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीणों का उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर अंचलों तक पहुंचाने के इसी क्रम में 11 दिसंबर को मसपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जूरी उसेंडी का सफल संस्थागत प्रसव कराया गया। जूरी उसेंडी को पिछले नौ महीनों से स्थानीय एएनएम द्वारा नियमित रूप से ट्रैक किया जा रहा था। इस दौरान उन्हें चार एएनसी (एंटीनेटल केयर) जांच कराई गईं और संस्थागत प्रसव के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास से जूरी का सुरक्षित प्रसव संभव हो सका। प्रसव के बाद जूरी और उनका नवजात शिशु दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। नवजात को बीसीजी, हेपेटाइटिस बी और पोलियो की 'ओ' खुराक जैसे सभी आवश्यक टीके लगाए गए। सफल प्रसव के बाद जूरी उसेंडी को जननी सुरक्षा योजना के तहत् 1,400 रुपये की धनराशि उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। यह योजना मातृ और शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए संचालित है। मसपुर जैसे सुदूर क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन और स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता शासन और प्रशासन की उपस्थिति और जिम्मेदारी को दर्शाता है। स्वास्थ्य कर्मियों और अधिकारियों के प्रयासों ने न केवल जूरी के प्रसव को सुरक्षित बनाया बल्कि ग्रामीणों के बीच सरकारी योजनाओं के प्रति भरोसा भी बढ़ाया।

### प्रशासनिक अधिकारी लोकहित में सेवा भावना के साथ करें कार्य : कलेक्टर अग्रवाल

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण समय पर करें, इससे कार्यों में तेजी आएंगी। उन्होंने कहा कि अपने विभागों से संबंधित प्रस्ताव नियमानुसार भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फिल्ड में जाकर निरीक्षण करें तथा कानून एवं व्यवस्था के संबंध में वस्तुस्थिति की पूरी जानकारी रखें। निर्माण कार्य से संबंधित विभाग प्राथमिकता देते हुए संबंधितों को समय पर भुगतान करें। उन्होंने सभी विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में एक निर्धारित दिन में अधिकारी कार्यालय में उपस्थित रहें, ताकि जनसामान्य उनसे मिलकर उनकी समस्या बता सकें। जिसके शिकायतों का निराकरण समय पर हो सकेगा। उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समय पर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी जनसामान्य की सेवा के लिए सभी सेवा भावना के साथ कार्य करें। किसी तरह की लापरवाही होने पर कार्रवाई करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग ई-कार्यालय में परिवर्तित होंगे तथा कार्यप्रणाली डिजिटल तरीके से होगी। इसके लिए आवश्यक जानकारी भेजने तथा प्रशिक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करेंगे। नगरीय निकायों, राजनीतिक दलों, पाम्पलेट्स, पोस्टर सहित जारी निर्देशों एवं नियमों के संबंध में अच्छी जानकारी रखें।

## सड़क पर चलते समय सतर्क रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है-विधायक चैतराम अटामी

### विधायक अटामी ने हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रथ का किया रवाना




**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना परिसर से आज 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञात हो कि यह जागरूकता रथ 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक जिले के सभी जगहों व्यापक रूप यातायात नियमों को फोकस करते हुए प्रचार-प्रसार करेगें। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह स्वयं के साथ-साथ दूसरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है। सड़क पर चलते समय सर्तक रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके साथ ही सड़क पर दोनों किनारों की ओर ध्यान देवें और जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें, मोबाइल फोन का उपयोग करते समय सड़क पार बिल्कुल भी न करें। इसके अलावा यदि वाहन चला रहें है तो गति सीमा का पालन करें और संकेतों का ध्यान रखें। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने आगे कहा कि विशेषतौर पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सड़क पर मवेशियों की उपस्थिति से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। खासकर सुबह के समय जब दुष्यंत कम होती है और लोग जल्दबाजी में होते है। इन सभी समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयासों और प्रशासनिक सहयोग से ही संभव है। इसके साथ ही उन्होंने 35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सुचारू संचालन के लिए सभी को बधाई एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सर्वप्रथम समस्त यातायात स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी चाहे धूप हो,बरसात हो,या ठंडी का मौसम, हर परिस्थिति में अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते रहे है। यह न केवल हमारे समाज को सुरक्षित बनाने में मदद करता बल्कि आपकी मेहनत और सेवा भावना से अन्य लोग भी प्रेरणा लेते है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया माध्यम सबसे प्रभावी विकल्प है। इसके जरिये से हम अधिक से अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकते है। इसके अलावा सड़क यातायात करते हुए किसी भी नागरिक को सड़क मार्ग पर स्ट्रीट लाइट का आवश्यकता महसूस होती अथवा सड़क मार्ग की वजह से किसी दुर्घटना का अंदेशा हो तो तुरंत यातायात विभाग को सूचित करें। सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में कमी को एक उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि 2025 में भी सड़क दुर्घटनाओं को शून्य करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने हेलमेट के उपयोग को प्रोत्साहित करने के अपने अनूठा प्रयास का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके तहत बिना हेलमेट वाले चालकों से जुर्माना वसूल कर उन्ही के लिए हेलमेट खरीदने की पहल के अच्छे परिणाम निकले है। यह न केवल सड़क सुरक्षा बढ़ाने का प्रयास है बल्कि लोगों को जागरूक करने का एक अनूठा तरीका भी है। इस प्रकार की योजनाएं न केवल दुर्घटनाओं को कम करती है बल्कि यातायात नियमों के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करती है।

## कलेक्टर ने शिक्षा और स्वास्थ्य में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर दिया जोर

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षक को नोटिस जारी

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को सुकमा विकासखंड के विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय संस्थानों आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र और आश्रम शाला में जाकर मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने आंगनवाड़ी केंद्र गोंगला में बच्चों की उपस्थिति और उपलब्ध सुविधाओं की जाँच की। केंद्र के कार्यकर्ता से जाति प्रमाण पत्र आवेदन पैट्रन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और उनके बेहतर देखभाल के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्राथमिक शाला गोंगला में जिला निर्माण समिति द्वारा निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उप स्वास्थ्य केंद्र गोंगला की साफ़-सफाई और अन्य व्यवस्था देखकर कलेक्टर ने सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र को और व्यवस्थित बनाने के लिए सुझाव भी दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने प्राथमिक शाला पाता का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए प्रधान पाठक श्री धीरेंद्र मांझी और शिक्षक श्री सुरेश मरकाम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न आए। कन्या आश्रम तेलवर्ती का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने लाइट व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से गणित और अंग्रेजी के प्रश्न पूछकर उनकी शिक्षा का स्तर जाँचा। माध्यमिक शाला कुड़केल में कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत की और बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को मूलभूत सुविधाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बालक आश्रम कुड़केल का निरीक्षण कर बच्चों से गणित के सवाल पूछे। उन्होंने आश्रम भवन की मरम्मत और बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला गोलाबेकुर में कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत की और उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की सलाह दी। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र फूलबगड़ी का निरीक्षण किया और बाउंड्री वॉल निर्माण तथा पानी की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए।

## 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर सर्व पिछड़ा वर्ग ने किया चक्का जाम

### सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस पार्टी ने दिया समर्थन

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** सर्व पिछड़ा वर्ग ने त्रिस्तरीय पंचायती राज और नगरीय निकाय के चुनावों में 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को भैरमगढ़ के जनपद कार्यालय के समीप धरना और चक्का जाम किया। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के रामलाल यादव और सुनील सोनी ने बताया कि यह बंद छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की ओर से चक्का जाम महाबंद बुलाया गया था। जिसमे सभी पिछड़ा वर्ग समाज के सदस्य मौजूद थे जिन्होंने पुरे जोश के साथ महाबंद को सफ्ल किया। महाबंद को सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस का समर्थन मिला था। धरना प्रदर्शन और चक्का जान 11.00 बजे से 1.00 बजे तक चला जिसके बाद राज्यपाल के नाम एसडीएम विकास सर्वे को ज्ञापन सौंपा गया। सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने बंद का समर्थन देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार ने 3 दिसम्बर 2024 को अध्यादेश ला कर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ड.) (3) को विलोपित कर दिया है। अत: अनुसूचित क्षेत्रों में अन्य पिछड़ा वर्ग की 75 प्रतिशत के अंदर की सभी सीट अब सामान्य वर्ग के लिए मुक्त हो गई है। प्रकाश ठाकुर ने बताया कहा कि यह सरकार ने क्यों किया और किसकी सलाह से किया यह समझ से परे है। कुछ विद्वान यह सलाह दे रहे है की पंचायत चुनाव में आरक्षण 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकता है। यह असंवैधानिक है। लेकिन उनको यह समझना पड़ेगा की पंचायत राज व्यवस्था त्रि-स्तरीय है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत में जनसंख्या का अनुपात बदल जाता है।

## जिले में 3 लाख 67 हज़ार 810 क्विंटल धान की खरीदी

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के नोडल अधिकारी श्री गौरव शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के आदेशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी हेतु नवीन जुट बारदाना, मिलर पुराना बारदाना, पीडीएस बारदाना एवं किसान बारदाना का प्रावधान किया गया है। किसानों से आग्रह है कि संबंधित धान उपार्जन केन्द्र में समिति प्रबंधक और खरीदी केन्द्र प्रभारी से जानकारी लेकर बारदानों की आवश्यकता होने पर जुट बारदाने में धान लायें जिसका 25 रूपये प्रति बारदाने की दर से शासन द्वारा भुगतान किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा जिले के 21 समितियों के 25 उपार्जन केंद्रों में कुल 6 हज़ार 959 किसानों से 3 लाख 67 हज़ार 810 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जिसमे से 60 हज़ार 280 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

## मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन पाकर खिले युवाओं के चेहरे

### जिला ग्रंथालय में जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका का किया गया वितरण



**बालोद(विश्व परिवार)।** जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन पाकर बालोद जिले के जिला ग्रंथालय के युवाओं में खुशी आई है। युवाओं ने जनमन पत्रिका को पाकर अत्यंत हर्षपूर्वक और उत्सूकता के साथ उसका पठन किया है। इस माह छत्तीसगढ़ जनमन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन के 01 साल की उपलब्धियों पर आधारित है। जिसे 'आकार ले रहा विकसित, सुशासित छत्तीसगढ़' शीर्षक के साथ प्रकाशित किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से विगत एक साल में शासन की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी आकर्षक ढंग से प्रदर्शित की गई है। जिसमें सरकार का विकास पर जोर, नक्सलवाद हुआ कमजोर, पर्यटन विकास, नई औद्योगिक नीति, अधोसंरचना विकास, किसानों की उन्नति, स्वस्थ्य छत्तीसगढ़, महिलाओं की आर्थिक समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, भ्रष्टाचार से जंग, सुशासन एवं पारदर्शिता, छत्तीसगढ़ की नई शिक्षा नीति, आदिवासी विकास, युवा और रोजगार से जुड़ी पहल, श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना सहित गुड गवर्नेंस, देश व राज्य की प्रमुख बड़ी खबरे, खेल समाचार, छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों की जानकारी दी गई है। मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन पाकर सुश्री दामिनी यादव ने बताया कि वह पहली बार यह पत्रिका पढ़ रही है। जिसमें उसे छत्तीसगढ़ी पहेली बहुत ही दिलचस्प लगी। उसने छत्तीसगढ़ी पहेली देखते ही उसे हल करने का मन बना लिया है। दामिनी ने बताया कि जनमन पत्रिका में योजनाओं के बारे में सीमित शब्दों में विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसे पढ़कर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आसानी से समझी जा सकती है। उसने बताया कि जनमन पत्रिका में सरकार द्वारा पर्यटन विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई है। जिसमें बस्तर के धुड़मारास गांव में पर्यटन को विकसित करने किए गए कार्य बहुत ही सराहनीय है। इसके साथ ही बेटियों के हित में लिए गए निर्णय जिसमें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 50 हजार रुपए में से 35 हजार रुपए विवाहित कन्या के बैंक खाते में स्थानांतरित किए जाने की जानकारी दी गई है। जो काफी अच्छी लगी। दामिनी ने कहा कि वह अब मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन नियमित रूप से पढ़ेगी।

## जल जीवन मिशन से विश्व प्रसिद्ध पर्यटन ग्राम तीरथगढ़ के हर घर पहुंचा जल

### पानी बचाओ मुहिम से जुड़ी महिलाएं जागरूकता की जगा रही अलख



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है इस योजना ने न केवल स्वास्थ्य में सुधार किया है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी बड़ा परिवर्तन लाया है। इसी क्रम में जिले के विकासखण्ड दरभा अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन ग्राम तीरथगढ़ में भी जल जीवन मिशन के द्वारा जलापूर्ति होने से लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। इसी गांव में विश्व प्रसिद्ध जलप्रपात है जो मुनगाबहार नदी से बनता है इसकी सुन्दरता मन को मोह लेने वाली है चारों ओर पहाड़ एवं घने जंगल और हरी-भरी वादियां हैं जो पर्यटको को रोमांच से भर देती है। बाहरी लोगों के सम्पर्क में आने के कारण यहां के ग्रामीणों के जीवन में बाहरी बदलाव भी देखने को मिलता है। महिलाएं दुकान चलाती हैं और पुरूष खेती-किसानी करते हैं। तीरथगढ़ के डेढ़ हजार से अधिक की आबादी पहले जलसंकट से जूझ रही थी, मुनगाबहार नदी में नहाने व कपड़ा धोने रोज जाया करते थे। पीने का पानी भी बोरिंग से लाया करते थे, घरेलू जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाली महिलाओं को ज्यादा तकलीफ थी। घर से दूर स्थित हैंडपंप से पानी लाने के कारण उनके शरीर में थकान सहित स्वभाव चिड़चिड़ापन हो गया था। लेकिन अब सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना इस गांव में आई और उसने पूरे गांव में बदलाव लाना शुरू कर दिया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम तीरथगढ़ में 09 मीटर 10 किलोलीटर के 03 एवं 12 मीटर 10 किलोलीटर के 06 सोलर सिस्टम लगे हैं। जिससे तीरथगढ़ ग्राम पंचायत के सभी पारे-टोले के हर घर में नियमित तौर पर जलापूर्ति किया जा रहा है। साथ ही इस ग्राम पंचायत के 08 स्कूलों, 06 आंगनबाड़ी केंद्रों सहित पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन में भी नल कनेक्शन प्रदान कर जल प्रदाय किया जा रहा है। यहां की सरपंच श्रीमती महेश्वरी कश्यप बताती हैं कि हरेक घर के साथ ही सार्वजनिक भवनों में नल कनेक्शन के जरिए जलापूर्ति से ग्रामीणों को काफी सहूलियत हो रही है और उन्हें अपने खेती-किसानी और अन्य कामकाज के लिए अतिरिक्त समय मिल रहा है। अब गांव की महिलाओं का कहना है कि हमें हैंडपंप से पानी लेकर आना कष्टदायक था, विशेषकर बारिश के मौसम में ज्यादा तकलीफ होती थी। अब जल जीवन मिशन के जल प्रदाय योजना से स्थिति बदल गई है और हम घर से बाहर निकल कर अन्य काम में ज्यादा समय दे रहे हैं।

## व्यापार समाचार

## अप्रैल-नवंबर में भारत का राजकोषीय घाटा 8 .47 लाख करोड़, ये चालू वित्त वर्ष के लक्ष्य का 52 .5 प्रतिशत

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** हाल ही में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से नवंबर तक के पहले 8 महीनों के लिए भारत का राजकोषीय घाटा 8.47 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया। जो वित्त वर्ष के लिए पूरे साल के अनुमान लक्ष्य का 52.5 प्रतिशत है। यह एक मजबूत व्यापक आर्थिक वित्तीय स्थिति को दर्शाता है क्योंकि राजकोषीय घाटा पूरी तरह नियंत्रण में है और सरकार कंसोलिडेशन पाथ पर बनी हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों के लिए शुद्ध कर प्राप्तियां 14.43 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक लक्ष्य का 56 प्रतिशत रहीं, जो पिछले साल की समान अवधि के 14.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। आठ महीनों के लिए कुल सरकारी व्यय 27.41 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केंद्रीय बजट में निर्धारित वार्षिक लक्ष्य का 57 प्रतिशत है। पिछले साल इसी अवधि में सरकार ने 26.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को 2023-24 के 5.6 प्रतिशत से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 प्रतिशत पर लाना है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को 16.13 लाख करोड़ रुपये पर सीमित रखना है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के दौरान 1 अप्रैल से 10 नवंबर तक भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह, जिसमें कॉर्पोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर शामिल हैं, 15.4 प्रतिशत बढ़कर 12.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह, बढ़ती आर्थिक गतिविधियों के कारण जीएसटी संग्रह में भी जोरदार वृद्धि हुई है। कर संग्रह में उछाल से सरकार के खजाने में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए धन उपलब्ध होता है। साथ ही गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने के लिए भी धन जुड़ता है। इससे राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने में भी मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था के आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाता है।

## ए-वन स्टील्स इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ के जरिए 650 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** ए-वन स्टील्स इंडिया लिमिटेड, जो कच्चे इस्पात की क्षमता के मामले में दक्षिण भारत में शीर्ष 5 (पांच इस्पात उत्पादकों में से एक है, और 10 इस्पात उत्पादों और औद्योगिक उत्पादों का निर्माण करने वाली एकमात्र कंपनी है। (स्रोतः क्रिसिल रिपोर्ट) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (10 प्रत्येक अंकित मूल्य) के माध्यम से 65,000 लाख [650 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बनाई है। (कुल पेशकश आकार) कुल प्रस्ताव आकार में ?60,000 लाख [ ?600 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम ('ताजा निर्गम') और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल 5000 लाख [ ?50 करोड़] तक का बिक्री हेतु प्रस्ताव ('बिक्री हेतु प्रस्ताव') शामिल है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। (लिस्टिंग विवरण) पीएल कैपिटल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड और खंबाटा सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। (बीआरएलएम)।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने दुबई की सहायक कंपनी एसओए इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेडिंग एलएलसी में निवेश पूरा किया

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीएसई: 532850, एनएसई: MICEL), जो एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिजाइन, विकास और निर्माण में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है, ने दुबई स्थित अपनी सहायक कंपनी एसओए इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेडिंग एलएलसी में 51 करोड़ के निवेश को पूरा करने की घोषणा की है। यह सहायक कंपनी इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स ट्रेडिंग में कार्यरत है। हाल ही में कंपनी को जीपीएस आधारित पब्लिक एड्रेस एंड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम (PAPIS) और एसी एवं नॉन-एसी रेलवे कोचों में एलईडी डेस्टिनेशन बोर्ड्स के लिए क्षमता एवं योग्यता मूल्यांकन (कैपेसिटी कम कैपबिलिटी असेसमेंट) (CCA) की स्वीकृति प्राप्त हुई। इसके अलावा, कंपनी ने एमआईसीके डिजिटल इंडिया लिमिटेड नामक एक पुरे मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी का गठन किया है। यह सहायक कंपनी सभी प्रकार के स्मार्ट मीटर, डिजिटल मीटर, रूफमाउंटेड एसी पैकेज यूनिट्स (RMPU), इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई (IPS) सिस्टम, मिनी कंप्यूटर, माइक्रोप्रोसेसर आधारित सिस्टम और कंप्यूटर पेरिफेरल्स के निर्माण और व्यापार के लिए कार्य करेगी। एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड 1988 से एलईडी वीडियो डिस्प्ले, उच्च-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक और दूरसंचार उपकरणों के डिजाइन, विकास और निर्माण में अग्रणी रही है। यह आईएसओ 9001:2008 और आईएसओ 14001:2004 प्रमाणित कंपनी है, जो एलईडी वीडियो, ग्राफिक्स और टेक्स्ट डिस्प्ले, एलईडी लाइटिंग सॉल्यूशंस, एंबेडेड सिस्टम, दूरसंचार सॉफ्टवेयर, और संचार व इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के गतिशील क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति बना चुकी है। एमआईसी के प्रमुख उत्पाद, एलईडी वीडियो डिस्प्ले (इनडोर, आउटडोर, और मोबाइल), खेल स्टेडियमों, परिवहन केंद्रों, डिजिटल थिएटरों, थीम पार्कों, विज्ञापनों, और सार्वजनिक सूचना डिस्प्ले के लिए महत्वपूर्ण बन चुके हैं। कंपनी का हेडक्वार्टर हैदराबाद में स्थित है, जो भारत के सबसे तेजी से बढ़ते आईटी शहरों में से एक है। एमआईसी की भारत के सभी प्रमुख महानगरों में मार्केटिंग, सेल्स और सर्विस सपोर्ट सेंटर्स के माध्यम से एक राष्ट्रीय उपस्थिति है। इसके साथ ही कंपनी अपने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी विस्तार कर रही है। एमआईसी ने एलईडी डिस्प्ले, दूरसंचार सॉफ्टवेयर, आईटी सेवाओं और संचार व इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स में उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को विकसित और लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

# सिडनी टेस्ट खेलने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे मिशेल स्टार्क : ग्लेन मैक्ग्रा



**सिडनी( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट लीजेंड और पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा को इस बात का भरोसा है स्टार पेसर मिशेल स्टार्क भारत के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में होने जा रहे सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में खेलेंगे। यह टेस्ट दोनों टीमों के लिए काफी अहम है और ग्लेन मैक्ग्रा का मानना है कि एडिलेड टेस्ट के हीरो स्टार्क खुद को मैच फिट करने में कोई कसर नहीं छोड़ने जा रहे हैं। स्टार्क को बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान पसलियों और पीठ में दर्द की शिकायत थी। ग्लेन मैक्ग्रा ने फॉक्स क्रिकेट से बात करते हुए कहा, खेलना मिशेल के ऊपर निर्भर करेगा। वह मैदान पर आने के लिए सबकुछ करेंगे। वह इस ऑस्ट्रेलियाई टीम का अहम हिस्सा हैं, और जब वह अपने चरम पर होते हैं तो उनका मुकाबला करना बहुत मुश्किल होता है। वह बहुत शानदार गेंदबाजी भी कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह सिडनी में खेलने जा रहे हैं। इन गर्मियों में स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के स्टार परफॉर्मर रहे हैं जिन्होंने चार टेस्ट मैचों में 28.73 की औसत के साथ 15 विकेट लिए हैं। उन्होंने मेलबर्न टेस्ट के बाद अपना स्कैन भी कराया था। रिपोर्ट बताती हैं कि स्टार्क 5वें टेस्ट मैच में तभी खेल पाएंगे जब वह दर्द को मैनेज कर पाएं। हो सकता है उनको कुछ दर्द के साथ खेलना पड़े। कुल मिलाकर टीम मैनेजमेंट को भी फैसला करना होगा कि स्टार्क मैच फिट हैं नहीं। सीरीज का पांचवां मैच पिंक टेस्ट के नाम से जाना जाता है क्योंकि इस मैच के जरिए कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाई जाती है। इसलिए यह मैच ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट समुदाय में खास महत्व भी रखता है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की बात करें तो भारतीय टीम ने पर्थ में मेजबान टीम को 295 रनों से हराकर धमाकेदार शुरुआत की थी। इसके बाद भारतीय टीम लगातार बैकफुट पर नजर आई। एडिलेड टेस्ट में 10 विकेट से हारने के बाद टीम इंडिया अगला मैच गाबा में बारिश की मेहरबानी के चलते बचा पाई। जबकि हाल में ही सम्पन्न हुआ बॉक्सिंग डे टेस्ट उतार-चढ़ाव भरा रहा जिसमें मेहमान टीम मिले अवसरों को भुनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली है।

## बॉक्सिंग-डे टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम पर भड़के गौतम गंभीर, खिलाड़ियों को दी चेतावनी



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम को बॉक्सिंग-डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 184 रन से हार का सामना करना पड़ा था।इस शिकस्त के चलते भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में 1-2 से पिछड़ गई है।अब खबर है कि मेलबर्न में हार के बाद भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर खिलाड़ियों से बेहद नाखुश दिखे।उन्होंने खिलाड़ियों को जमकर लताड़ भी लगाई। रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर ने बीते सोमवार को ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों से कहा, %बहुत हो गया% .उन्होंने स्पष्ट किया कि %स्वाभाविक खेल% के नाम पर विकेट फेंकने वाले खिलाड़ियों की और मनमानी नहीं चलेगी।गंभीर ने किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं लिया, लेकिन संकेतों में अपना गुस्सा जाहिर किया।बता दें कि बॉक्सिंग-डे टेस्ट में भारतीय टीम के पास मैच ड्रॉ कराने का अवसर था, लेकिन बल्लेबाजों ने निरंतर विकेट खोकर मैच गंवा दिया। जुलाई 2024 में गंभीर ने भारतीय टीम का कोच पद संभाला था। हालांकि, साल के आखिर में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को करारी शिकस्त मिली थी।ऐसे में उनके कार्यकाल में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है।अब उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को वही करना होगा, जो गंभीर चाहते हैं। अगर जो खिलाड़ी ऐसा नहीं करेंगे तो टीम प्रबंधन उनसे आगे बढ़ जाएगी।

गंभीर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए चेतेश्वर पुजारा को भारतीय टीम में चाहते थे, लेकिन चयनकर्ताओं ने इस सुझाव को खारिज कर दिया था।पुजारा ने 100 से अधिक टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।वह आखिरी बार 2023 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद से टीम से बाहर हैं। पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया में 11 टेस्ट खेले, जिसमें 47.28 की औसत के साथ 993 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 3 शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं।

## कोंस्टास के खेल का आक्रामक अंदाज टीम इंडिया के लिए नया था : कैरी एलेक्स



**सिडनी(एजेंसी)।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने टेस्ट डेब्यू करने वाले सैम कोंस्टास के मेलबर्न टेस्ट में शानदार प्रदर्शन पर चर्चा की। कैरी ने कहा कि इस युवा खिलाड़ी ने ऐसा क्रिकेट खेला, जो शायद भारतीय टीम के लिए नया था। 19 साल की उम्र में, कोंस्टास को मेलबर्न टेस्ट के लिए टीम में शामिल करना सभी के लिए एक चौंकाने वाला फैसला था। लेकिन उन्होंने पहले ही दिन अपने आक्रामक अर्धशतक से इस चयन को सही साबित कर दिया। उनकी निर्भीक बल्लेबाजी ने भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को चुनौती दी, जिनके शुरुआती स्पेल में उन्होंने 34 गेंदों पर 33 रन बनाए। उनकी सबसे बड़ी खासियत थी उनके साहसिक रैम्प शॉट्स, जिनमें एक ओवर में तीन चौके भी शामिल थे। एलेक्स कैरी ने कहा, मैं पहले सेशन में दर्शक की तरह था। कभी आंखें बंद कर लेता, तो कभी जोश में चीयर करता। वहां मौजूद 90,000 लोगों के जैसे ही मेरे भाव थे। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम ने पहले तीन टेस्ट में संघर्ष किया था। उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी रन बनाने में सफल नहीं हो पा रहे थे। लेकिन कोंस्टास की एंट्री ने ओपनिंग साझेदारी में नई जान डाल दी। कैरी ने कहा, उसने टीम में ऊर्जा भर दी। उसने ऐसा क्रिकेट खेला, जो शायद भारत ने पहले नहीं देखा था। हर मैच में यह उसका खेल नहीं होगा, लेकिन शुरुआत में आक्रामक होकर हमारे लिए मोमेंटम बनाया। यही हमारी ओपनिंग पार्टनरशिप में कमी थी। कोंस्टास की धमाकेदार शुरुआत विवादों से भी घिरी रही। पहले दिन भारतीय स्टार विराट कोहली से कंधे की टक्कर पर बहस हो गई, जिसके कारण कोहली पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगा। हालांकि, बाद में दोनों ने हाथ मिलाकर बात खत्म कर दी।

कैरी ने कहा, मैंने उनकी हाथ मिलाने की फोटो देखी। ये टेस्ट क्रिकेट है। सैम ने इस बात को गंभीरता से नहीं लिया।

ऑस्ट्रेलिया फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है और लगभग एक दशक बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के करीब है। सिडनी में जीत न केवल उन्हें ट्रॉफी दिलाएगी बल्कि जून में लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह भी पक्की करेगी।

## CRI पंप्स ने हासिल की एक बड़ी उपलब्धि: एमएसईडीसीएल, मुंबई, महाराष्ट्र से 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम के लिए 754 करोड़ रुपयों का ऑर्डर प्राप्त किया



**रायपुर।** CRI पंप्स ने अपनी प्रतिबद्धता को स्थिरता और अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (MSEDCL), मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। इस ऑर्डर का मूल्य 754 करोड़ रुपये है और यह मागेल त्याला सौर कृषी पंप (MTSKP) योजना का हिस्सा है। इस नियुक्ति के साथ, CRI पंप्स अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा देने, महाराष्ट्र के कृषि परिदृश्य को सशक्त बनाने और एक हरित एवं अधिक स्थायी भविष्य में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, CRI ग्रुप के चेयरमैन श्री जी. सौंदरराजन ने कहा, हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि एमएसईडीसीएल ने इन सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए हमें चुना है। यह बड़ा ऑर्डर नवाचार और ऊर्जा-कुशल, टिकाऊ पंपिंग समाधानों के विकास में CRI की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताओं, गहन उद्योग विशेषज्ञता और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ, CRI पंप्स इन सिस्टम्स की निर्बाध डिलीवरी और इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करता है। जब विश्व अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा है, CRI पंप्स पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने वाले सौर पंपिंग सिस्टम प्रदान करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है। 170,000 से अधिक सोलर पंपिंग सिस्टम और IoT-सक्षम स्मार्ट पंप की सफल स्थापना के साथ, CRI पंप्स ने स्थायी नवाचार में नए मानक स्थापित करना जारी रखा है।


### कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्र. 133/ नि.शा./का.अ./ लो.स्वा.यां./खण्ड, रायपुर, दिनांक 23.12.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | कार्य का नाम | ठेके की राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | पी.एच.ई. मंत्री के शासकीय आवास कार्यालय कमांक डी-8 सिविल लाईन रायपुर में पाईप लाईन बिछाने, इलेक्ट्रीकल्स एवं अन्य प्लम्बरिंग कार्य एवं अन्य सिविल कार्य (समस्त सामग्री सहित)। | 2.50 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र कय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.01.2025 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
रायपुर छत्तीसगढ़

जी- 242504992/3



### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर
### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-7175/NIT-8/2024-2025/ व ले लि — दिनांक : 27/12/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 08/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 13/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलेंने की तिथि :- 15/01/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि (रु.मे) बैंक साल्वेंसी (रु.में) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) | निविदाकारों की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 8 T0065 | जमा मद अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 2 में विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0066 | जमा मद अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 02 के धरमपुरा सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0067 | जमा कार्य अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 02 के अंतर्गत आडावाल सेव शन में विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0068 | जमा कार्य अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत नानगुर सेव शन में विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0069 | जमा कार्य अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 03 अन्तर्गत विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0070 | केंन्द्रीय जेल जगदलपुर में स्थित जर्जर पुराने अस्पताल को डिस्मेंटल कराने का कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) प्रथम आमंत्रण | 7.52 5700.00 11300.00 | A 750.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 03 वर्षा ऋतु सहित |

निविदा शर्ते -
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा 'प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
उत्तर बस्तर संभाग-1, जगदलपुर

जी- 242504964/1

